CMYK CMYK



मॉरिशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम ने राष्ट्रपति से की भेंट

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



कश्मीर से आदर्श नगर, दिल्ली के लिए पार्सल कार्गो ट्रेन को हरी झंडी

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 262 | रायपुर | बुधवार 17 सितंबर 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

Ro-45255/72




## महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त निर्देश, जनवरी तक चुनाव कराने को कहा

नई दिल्ली. एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार 16 सितम्बर को महाराष्ट्र सरकार और राज्य चुनाव आयोग को राज्य में 31 जनवरी, 2026 तक स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया. न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अधिकारियों को इस साल 10 अक्टूबर तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने का भी निर्देश दिया. अदालत ने कहा कि 6 मई के अपने आदेश, जिसमें चार सप्ताह के भीतर चुनावों की अधिसूचना जारी करने और चार महीने के भीतर चुनाव संपन्न कराने का निर्देश दिया गया था, के बावजूद राज्य चुनाव आयोग ने तुरंत कार्रवाई नहीं की.

### प्रधानमंत्री अपने जन्मदिवस पर 17 सितंबर को मध्य प्रदेश के दौरे पर

# आदि सेवा पर्व का शुभारंभ करेंगे मोदी

**प्रधानमंत्री 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' और 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान का शुभारंभ करेंगे।**

**देश भर के सरकारी केंद्रों में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।**

**जनजातीय क्षेत्रों में सेवा-केंद्रित कार्यकलापों की एक श्रृंखला।**

**प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के लिए एक करोड़वां सिकल सेल स्क्रीनिंग और परामर्श कार्ड वितरित करेंगे।**




**पीआईबी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे। वे दोपहर लगभग 12 बजे धार में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' और 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान का शुभारंभ करेंगे। वे कई अन्य पहलों का शिलान्यास और शुभारंभ भी करेंगे और इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य, पोषण, फिटनेस और एक स्वस्थ एवं सशक्त भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' और 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देश भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), जिला अस्पतालों और अन्य सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में आयोजित किया जाएगा। एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे यह देश में महिलाओं और बच्चों के लिए अब तक का सबसे बड़ा स्वास्थ्य अभियान बन जाएगा।

## विदेश में बैठकर ड्रग का व्यापार करने वालों को कानून के दायरे में लाकर प्रत्यर्पण और निर्वासन की व्यवस्था की जाएगी : शाह



### सभी राज्य के ANTF प्रमुख अपने यहां सिंथेटिक ड्रग्स को पहचान कर उन्हें नष्ट करने की कार्रवाई करें

पीआईबी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एंटी-नार्कोटिक्स टास्क फ ोर्स (ANTF) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री अमित शाह ने नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की वार्षिक रिपोर्ट-2024 जारी की और ऑनलाइन ड्रग विनष्टीकरण अभियान की शुरुआत की। 16 और 17 सितंबर को आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में 36 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के ANTF प्रमुखों के साथ-साथ अन्य सरकारी विभागों के हितधारक भाग ले रहे हैं।

## उत्तराखंड की टोंस नदी में ट्रैक्टर बहा-8 लोगों की मौत देहरादून में बादल फटा, सोंग नदी में बहने से 4 मृत




**एजेंसी।** उत्तराखंड के देहरादून में बादल फटने और रात भर हुई भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई। मालदेवता रोड बह जाने से किसान और छात्र फ स गए हैं। बारिश और बाढ़ में 500 से ज्यादा लोग अलग-अलग जगहों पर फंस गए।

## प्रधानमंत्री मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक सम्पन्न

संवाददाता। रायपुर : लोकशक्ति।

**रायपुर,** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज विधानसभा परिसर स्थित मुख्य समिति कक्ष में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वनमंत्री एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, विधायक श्री अजय चंद्राकर, विधायक श्री प्रबोध मिंज, विधायक श्रीमती भावना बोहरा, विधायक श्री अनुज शर्मा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, विधानसभा सचिव श्री दिनेश शर्मा, पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध तरीके से और सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लखेनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष में आयोजित राज्योत्सव समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवीन भवन, छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे तथा राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे।



## बिहार में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के ऋण के लिए ब्याज नहीं लिया जाएगा : नीतीश कुमार ने की घोषणा

**पटना** ,बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के ऋ ण के लिए ब्याज नहीं लेने की घोषणा की है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वयं इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, बिहार में सात निश्चय योजना के अंतर्गत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, उनके लिए 2 अक्टूबर 2016 से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना लागू है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अधिकतम चार लाख रुपए का शिक्षा ऋण सामान्य आवेदक को चार प्रतिशत ब्याज दर पर तथा महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर आवेदक को मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है।

## भारत को मिला पहला स्केटिंग विश्व चैंपियन, आनंदकुमार को गोल्ड

### प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक उपलब्धि को सराहा

### लगातार दूसरी बार वैशाली ने जीता फिडे ग्रैंड स्विस खिताब

एजेंसी नई दिल्ली

,भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने 'स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025' में इतिहास रच दिया है। आनंदकुमार ने 1,000 मीटर स्प्रिंट में गोल्ड जीता। यह इस इवेंट में भारत का पहला गोल्ड है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि पर आनंदकुमार को बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू को लगातार दूसरी बार फिडे महिला ग्रैंड स्विस 2025 जीतकर इतिहास रचने के लिए बधाई दी है। उन्होंने इसे 'उत्कृष्ट उपलब्धि' बताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, उत्कृष्ट उपलब्धि। वैशाली रमेशबाबू को बधाई। उनका जुनून और समर्पण अनुकरणीय है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। वैशाली रमेशबाबू ने सोमवार को पूर्व महिला विश्व चैंपियन टैन झोंग्यी को अंतिम दौर में ड्रॉ पर रोककर टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए जीत सुनिश्चित की।



**सुरक्षा** , नहीं बचेंगे दुश्मन के हवाई टारगेट

# नौसेना के लिए बनाया गया भारत का पहला नेवल 3डी एयर सर्विलांस रडार

नई दिल्ली ,एजेंसी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने घोषणा की कि वह स्पेन की कंपनी इंद्रा से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के तहत एडवांस्ड नेवल 3डी एयर सर्विलांस रडार का निर्माण करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है।

टीएएसएल ने कहा कि उसने इटली की कंपनी के साथ साझेदारी करके भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर पहले लांजा-एन रडार को सफलतापूर्वक तैनात कर दिया गया है। लांजा-एन, इंद्रा के लंबी दूरी के 3डी रडार का नेवल वर्जन है, जिसे वायु रक्षा और मिसाइल रोधी अभियानों के लिए दुनिया में सबसे एडवांस माना जाता है। पहला राडार स्थापित करने के बाद ऐसे और अधिक राडार भारतीय नौसेना के फ्रिगेट, डिस्ट्रॉयर और विमान वाहक पोतों पर लगाए जाएंगे। इस रडार की स्थापना को भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता अभियान में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

इस सिस्टम को स्थानीय स्तर पर असेंबल और एकीकृत किया गया है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने उत्पादन और फ्यूचर डिलीवरी में तेजी लाने के लिए कर्नाटक में एक समर्पित रडार असेंबली, एकीकरण और परीक्षण सुविधा स्थापित की है। इस रडार को शामिल करने से पहले व्यापक समुद्री परीक्षणों से गुजरा गया है, जहां इसकी क्षमता का परीक्षण करने के लिए विभिन्न नौसैनिक और हवाई प्लेटफार्मों का इस्तेमाल किया गया। अब इसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर मौजूद सभी सिस्टम्स के साथ पूरी तरह से एकीकृत कर दिया गया है। इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के सीईओ और एमडी, सुकरण सिंह ने कहा कि इंद्रा के साथ साझेदारी भारत में रडार निर्माण को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय विशेषज्ञता, एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, एडवांस डिफेंस सिस्टम्स के लिए एक इकोसिस्टम बनाने में मदद कर रहे हैं। इंद्रा की नेवल बिजनेस यूनिट की प्रमुख, एना बुएंडिया ने कहा कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ सहयोग सिर्फ रडार की आपूर्ति तक ही सीमित नहीं है।



# भारत तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को कभी सहमत नहीं हुआ था : पाक विदेश मंत्री

### 'भारत नहीं मान रहा बात', अमेरिका जाकर रोया था पाकिस्तान, विदेश मंत्री इशाक डार ने खोली पोल

एजेंसी

**ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बड़ा खुलासा किया है। डार ने बताया कि पाकिस्तान अमेरिका के पास गिड़गिड़ाया था कि भारत सीजफायर पर सहमत नहीं है। जानें डार ने और क्या कहा? पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है।**

डार ने स्वीकार किया है कि भारत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और अपने बीच किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के लिए कभी सहमत नहीं हुआ था। इस तरह उन्होंने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया कि उन्होंने पहलगाम हमले के बाद उपजे तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को पाकिस्तान के साथ मध्यस्थता करने के लिए कहा था।

डार ने आगे कहा कि जब इस्लामाबाद ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने ट्रंप के मध्यस्थता के दावे को उठाया, तो शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने स्पष्ट कर दिया कि भारत ने हमेशा यह कहा है कि पाकिस्तान के साथ सभी मुद्दे ÷पूरी तरह से द्विपक्षीय÷ हैं और इसमें किसी तीसरे की कोई जरूरत नहीं है।



### डार ने खोल दी ट्रंप की पोल

डार ने कहा,हमें किसी तीसरे पक्ष की भागीदारी से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत स्पष्ट रूप से कह रहा है कि यह एक द्विपक्षीय मामला है। हमें द्विपक्षीय बातचीत से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन बातचीत व्यापक होनी चाहिए – आतंकवाद, व्यापार, अर्थव्यवस्था, जम्मू-कश्मीर, सभी विषयों पर जिन पर हम पहले चर्चा कर चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका ने मई में युद्धविराम का प्रस्ताव दिया था और कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत किसी तटस्थ स्थान पर होगी। लेकिन 25 जुलाई को वाशिंगटन में रुबियो के साथ एक बैठक के दौरान, डार को बताया गया कि भारत इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं है।



### भारत ने जताया था कड़ा ऐतराज

इशाक डार ने आगे कहा, भारत का कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। हम किसी चीज़ की भीख नहीं मांग रहे हैं। हम एक शांतिप्रिय देश हैं, और हमारा मानना है कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है; लेकिन बातचीत के लिए दो लोगों की ज़रूरत होती है। उन्होंने आगे कहा कि अगर भारत जवाब देता है तो पाकिस्तान अभी भी बातचीत के लिए तैयार है।

## शाहिद अफरीदी ने की राहुल गांधी की तारीफ

### भाजपा बोली- कांग्रेस = इस्लामाबाद नेशनल कांग्रेस

एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीफ़ की है और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर धर्म कार्ड खेलने का आरोप लगाया है। अफ रीदी ने भारत-पाकिस्तान मैच पर एक पैनल चर्चा के दौरान पाकिस्तान के समा टीवी से बातचीत में कहा कि यह सरकार (भारत में) सत्ता में बने रहने के लिए हमेशा धर्म और मुस्लिम-हिंदू कार्ड खेलती है। यह बहुत ही घटिया मानसिकता है। राहुल गांधी की सोच बहुत सकारात्मक है। वह बातचीत में विश्वास रखते हैं। क्या एक इज़राइल काफ ़ी नहीं है कि आप दूसरा इज़राइल बनने की कोशिश कर रहे हैं? भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने अफरीदी की टिप्पणी पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत से नफ रत करने वाले हर व्यक्ति को राहुल गांधी और कांग्रेस में एक सहयोगी मिल जाता है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हाफिज सईद के बाद, अब शाहिद अफ रीदी (आतंकवाद समर्थक और भारत विरोधी) राहुल गांधी की तारीफ कर रहे हैं... कोई आश्चर्य नहीं! भारत से नफ रत करने वाले हर व्यक्ति को राहुल गांधी और कांग्रेस में एक सहयोगी मिल जाता है। सोरोस से लेकर शाहिद तक... कांग्रेस = इस्लामाबाद नेशनल कांग्रेस।



CMYK CMYK

# हाई-प्रोफाइल ड्रग्स केस में आज सभी 9 आरोपी कोर्ट में पेश, पुलिस को बड़े खुलासों की उम्मीद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सामने आए बहुचर्चित ड्रग्स मामले में सोमवार को पुलिस सभी आरोपियों को विशेष अदालत में पेश करने जा रही है। अब तक इस केस में कुल 9 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें शहर की जानी-मानी सोशलाइट्स नव्या मलिक और विधि अग्रवाल भी शामिल हैं।

गौरतलब है कि 6 सितंबर को दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद नव्या मलिक और विधि अग्रवाल को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उन्हें 15 सितंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। अब आज, 16 सितंबर को नव्या, अयान परवेज, विधि अग्रवाल, ऋषिराज टंडन, सोहेल खान, जुनैद अख्तर, हर्ष आहूजा और मोनू विश्नोई को एक साथ कोर्ट में लाया जाएगा।



पुलिस जांच में सामने आया है कि नव्या और विधि हर महीने मुंबई और गोवा जाया करती थीं, जहां वे कथित रूप से हाई-प्रोफाइल पार्टियों में शामिल होती थीं। पूछताछ के दौरान दोनों ने रायपुर और आसपास के इलाकों जैसे नवा रायपुर, मंदिर हसौद, वीआईपी रोड और चंद्रखुरी में मौजूद कई होटलों, क्लबों, रिसॉर्ट्स और फार्महाउसों की जानकारी दी है, जहां ये पार्टियां होती थीं। इन जगहों पर आयोजित होने वाली इन निजी पार्टियों में कथित तौर पर ड्रग्स का इस्तेमाल और अश्लील गतिविधियों की बात भी सामने आई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये पार्टियां अक्सर 25-30 लोगों से शुरू होती थीं और देर रात 1 बजे के बाद एक छोटा ग्रुप बचता था। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि उनका संपर्क कई बड़े उद्योगपतियों, व्यापारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और यहां तक कि कुछ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से भी था। इनमें से कुछ के साथ पार्टियों में शामिल होने की बात भी कही गई है।

पुलिस को आरोपियों के मोबाइल फोन से कुछ अहम चैट्स और कॉल डिटेल्स मिली हैं, जिनके आधार पर ड्रग्स का सेवन करने वाले अन्य लोगों की सूची बनाई जा रही है। इन्हें काउंसिलिंग के लिए बुलाने की योजना है, साथ ही उनके परिजनों को भी जानकारी दी जाएगी, क्योंकि कई माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों का अंदाज़ा नहीं है।

विधि अग्रवाल की इवेंट कंपनी और ऋषिराज टंडन रायपुर के बड़े इवेंट्स जैसे न्यू ईयर पार्टीज़ और क्लब नाइट्स के आयोजक रहे हैं। पुलिस का मानना है कि इन आयोजनों की आड़ में नशीले पदार्थों का लेन-देन होता था। अब पुलिस इन इवेंट्स से जुड़े अन्य लोगों से भी पूछताछ की तैयारी में है। पुलिस अब उन होटलों, क्लबों और फार्महाउसों के मालिकों को तलब करने की तैयारी कर रही है, जिनके यहां इन पार्टियों का आयोजन हुआ था। यह जांच का अगला बड़ा चरण होगा।

## थाने के बाहर भाजपा का विरोध प्रदर्शन: सांसद भोजराज नाग के नेतृत्व में कार्रवाई की मांग

**कांकेर।** कांकेर जिले में बीती रात कोतवाली थाने के बाहर उस समय तनावपूर्ण माहौल बन गया जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। विरोध का नेतृत्व खुद कांकेर सांसद भोजराज नाग ने किया, जिनके साथ पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता और संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



भाजपा का यह प्रदर्शन एक कांग्रेस नेता द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई विवादित पोस्ट को लेकर था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता ने अमित शाह के भाषण के वीडियो को एडिट कर अपमानजनक सामग्री साझा की, जिससे भाजपा समर्थकों और आम लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। भाजपा नेताओं ने इस मामले में 24 घंटे पहले थाने में शिकायत दर्ज कराई थी और एफआईआर की मांग की थी। लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए थाने में जमकर विरोध किया और थाना प्रभारी (टीआई) को हटाने की मांग करते हुए नारेबाजी की। सांसद भोजराज नाग ने मीडिया से बातचीत में कहा कि देश के गृह मंत्री के खिलाफअभद्र भाषा और झूठे वीडियो वायरल करना गंभीर मामला है। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस अधीक्षक (एसपी) के निर्देश पर एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है।

## वित्तीय समावेशन की ओर एक और कदम, ग्राम पंचायत रीवा में सफल वित्तीय शिविर

**ग्रामीणों को डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव की मिली जानकारी**

**0 745 खातों की ऋ्र-चङ्घ्ष्ट प्रक्रिया पूर्ण, ग्रामीणों को बैंकिंग जागरूकता एवं सेवाओं से जोड़ा गया**



**रायपुर ।** वित्तीय समावेशन योजनाओं के शत-प्रतिशत संतृप्ति हेतु चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत विकासखंड आरंग के ग्राम रीवा में एक दिवसीय वित्तीय समावेशन शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य देय खातों का ऋ्र-चङ्घ्ष्ट (पुनः केवाईसी) कराना तथा ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं का निरंतर लाभ सुनिश्चित करना था।इस अवसर पर श्रीमती निशा नाम्बियार, प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक, वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग, केंद्रीय कार्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, ने शिविर का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय निवासियों, व्यापारियों एवं बैंक अधिकारियों के साथ संवाद करते हुए ऋ्र-चङ्घ्ष्ट की महत्ता पर जोर दिया और उपस्थित नागरिकों को समय पर अपने खातों का पुनः सत्यापन पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया।श्रीमती नाम्बियार ने शिविर आयोजन में शामिल बैंकों के प्रयासों की सराहना की और प्रतिभागियों को भारतीय रिज़र्व बैंक की एकीकृत लोकपाल योजना 2021, दावा न की गई जमाराशियों की प्रक्रिया तथा डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी।शिविर में रीवा ग्राम पंचायत एवं आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आम नागरिकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान मौके पर ही विशेषज्ञों द्वारा किया गया। शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, सीआरजीबी, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, यूको बैंक, जिला सहकारी बैंक आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और ग्रामीणों की ऋ्र-चङ्घ्ष्ट प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया।

## प्रेमिका ने पुत्र के साथ मिलकर की थी युवक की हत्या

महासमुन्द,। महासमुंद जिले के ग्राम बेमचा की बड़ी नहर से मिले अज्ञात शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने मृतक की प्रेमिका तथा उसके पुत्र को गिरफ्तार किया है। बता दें कि जिले के ग्राम बेमचा की बड़ी नहर कुछ दिन पहले एक व्यक्ति की लाश मिली थी। कुछ ही दिनों की सघन जांच और साइबर सेल की मदद से पुलिस ने इस मामले की गुत्थी सुलझा दी। मृतक की पहचान पिलेश्वर साहू (35 वर्ष), निवासी ग्राम पचेड़ा, थाना खल्लारी के रूप में हुई। सनसनीखेज खुलासे में सामने आया कि पिलेश्वर की हत्या उसकी प्रेमिका देवकी बघेल और उसके बेटे सुरेश बघेल ने मिलकर की थी। 8 सितंबर 2025 से पिलेश्वर अपनी ड्यूटी (रायपुर स्थित प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड का काम) पर नहीं गया था। 10 सितंबर को बेमचा नहर में एक अज्ञात शव मिला, जिसके चेहरे पर गंभीर चोटें थीं और मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। मृतक के गले और गुप्तांग पर भी चोट के निशान थे। डॉक्टर की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि यह हत्या का मामला है। सायबर सेल और थाना महासमुन्द पुलिस ने 3 विशेष टीम बनाकर जांच शुरू की। इलाके में पूछताछ के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि बेमचा की रहने वाली देवकी बघेल पर पूर्व में पति की हत्या का मामला दर्ज हो चुका है और वह जेल से छूटकर बाहर आई थी। पुलिस ने शक की बुनियाद पर जब गहराई से जांच की तो पता चला कि पिलेश्वर अक्सर देवकी के घर आता-जाता था और पिछले कई दिनों से वहीं रह रहा था। 9 सितंबर की रात पिलेश्वर देवकी के घर पहुंचा।

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 एवं 10 अक्टूबर को

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 09 एवं 10 अक्टूबर 2025 को राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए नियोक्ता पंजीयन एवं अभ्यर्थियों के आवेदन की प्रक्रिया ई-रोजगार पोर्टल 222.द्गह्मशद्भद्दड्डह्न.ष्द्द.द्दश1.द्बठ्ठ में की जा रही है। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मेला हेतु उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी पोर्टल के मेन्यू के अर्गत राज्य स्तरीय रोजगार मेला लिंक पर देखी जा सकती है। रिक्तयों की संख्या में क्रमशः बढोतरी संभावित है। जिले के ऐसे अभ्यर्थियों की सूची जिन्होने मेला हेतु आवेदन किया है जिला लॉगइन के डेश बोर्ड पर देखी जा सकती है। इस सूची में दो कैटेगरी निर्धारित की गई है। कंपलीट प्रोफाइल वाले अभ्यर्थी रिक्तयों का चयन कर अपनी प्रोफ़ाइल शीघ्र पूर्ण करने और इनकंप्लाइट प्रोफाइल वाले अभ्यर्थियों को अपनी जानकारी पूर्ण कर लेने को कहा गया है। शासन द्वारा राज्य स्तरीय रोजगार मेला में सम्मिलित होने वाले नियोजकों के लिए एवं अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग लिंक जारी की गई है जिसकी जानकारी जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।जिले के ऐसे समस्त नियोजक, जिनके प्रतिष्ठान में रिक्तियां हैं और वे राज्य स्तरीय रोजगार मेला के माध्यम से रिक्तियों की पूर्ति करना चाहते हैं वे यथाशीघ्र ई-रोजगार पोर्टल पर अपना पंजीयन उक्त लिंक पर जाकर कर सकते है।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने आज सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर प्राप्त हो। आज जनदर्शन में कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए।

## मनेंद्रगढ़, जशपुर समेत छत्तीसगढ़ में 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**लगभग 14 करोड़ रूपए की लागत से तैयार होगा प्रत्येक फिजियोथेरेपी महाविद्यालय**

**0 6 नए फिजियोथेरेपी कॉलेज छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य शिक्षा को देंगे नई उड़ान - मुख्यमंत्री साय**

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार नए आयाम जुड़ रहे हैं। प्रदेश सरकार ने चिकित्सा शिक्षा को और मजबूत करने के लिए बड़ा निर्णय लेते हुए 6 नए फि जियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण से इस से न केवल युवाओं को नए अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग जारी आदेश के अनुसार जिन जिलों में नए फिजियोथेरेपी कॉलेज स्थापित होंगे उनमें मनेंद्रगढ़, जशपुर, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग और जगदलपुर शामिल हैं। इन महाविद्यालयों के निर्माण के लिए सरकार ने कुल 83 करोड़ 62 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। प्रत्येक महाविद्यालय के लिए लगभग 13 करोड़ 93 लाख 71 हजार रुपए (करीब 14 करोड़) का बजट तय किया गया है। यह निवेश न केवल आधुनिक इमारतों और प्रयोगशालाओं के निर्माण पर खर्च होगा बल्कि छात्रों के लिए आवश्यक उपकरणों और अधोसंरचना पर भी किया जाएगा। यह निर्णय प्रदेश की युवाशक्ति के लिए नई राह खोलेगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता का स्वास्थ्य और हमारे युवाओं का भविष्य, दोनों हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। आज जिन 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों की स्वीकृति दी गई है, वे केवल संस्थान नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की नई इमारत की नींव हैं। इन महाविद्यालयों से प्रदेश के युवा डॉक्टर और विशेषज्ञ बनकर न केवल छत्तीसगढ़ की सेवा करेंगे बल्कि पूरे देश में राज्य की पहचान को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य शिक्षा नई ऊँचाइयों को छू रही है। 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश के युवाओं को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य शिक्षा के अवसर मिलेंगे और फिजियोथेरेपी जैसी महत्वपूर्ण सेवा अब गांव-गांव तक पहुंच सकेगी। यह निर्णय प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के साथ ही युवाओं के लिए नए रोजगार और अवसरों का द्वार खोलेगा।उल्लखेनीय है कि फिजियोथेरेपी वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है और इन नए महाविद्यालयों से प्रशिक्षित विशेषज्ञ तैयार होंगे, जो आने वाले समय में समाज को बेहतर सेवाएं देंगे।विशेषज्ञों का मानना है कि छत्तीसगढ़ में फिजियोथेरेपी कॉलेजों का विस्तार राज्य के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को बड़ी राहत प्रदान करेगा। अब मरीजों को फिजियोथेरेपी उपचार के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, बल्कि अपने ही जिले में सेवाएं मिल सकेंगी।प्रदेश में पहले से मौजूद मेडिकल कॉलेजों और नर्सिंग कॉलेजों के साथ फिजियोथेरेपी कॉलेजों की यह नई श्रृंखला स्वास्थ्य शिक्षा की व्यापकता को और बढ़ाएगी। इससे छत्तीसगढ़ न केवल डॉक्टर और नर्स तैयार करेगा बल्कि विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट भी बड़ी संख्या में उपलब्ध कराएगा। इस निर्णय से रोजगार के नए अवसर भी सामने आएंगे। इन महाविद्यालयों के निर्माण से लेकर संचालन तक स्थानीय स्तर पर अनेक लोगों को रोजगार मिलेगा और स्नातक होने वाले विद्यार्थी स्वास्थ्य संस्थानों में अपनी सेवाएं देकर प्रदेश की जरूरतें पूरी करेंगे।

## ग्राम पंचायतों में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन 17 से दो अक्टूबर तक

**रायपुर।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों द्वारा 17 सितंबर से दो अक्टूबर के मध्य स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। छग स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के संचालक डॉ. अश्वनी देवांगन ने बताया कि ऐसी सभी ग्राम पंचायतों को 14 सितंबर तक चिन्हित किया गया है जहां साफ सफाई व्यापक स्तर पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मदिवस है। प्रधानमंत्री एवं गांधी जी का लक्ष्य देश को संपूर्ण रूप से स्वच्छ करने था इसी कड़ी में यह आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है।



### छग के नये मुख्य सचिव होंगे विकासशील

रायपुर, 15 सितंबर (आरएनएस)। छग के वर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ज्ञातव्य है कि उनका रिटायरमेंट 30 जून को था जिसे मुख्यमंत्री ने बढ़ाते हुए तीन माह का एक्सटेंशन देते हुए 30 सितंबर तक बढ़ाया था। तमाम अनुमानों को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री ने अगला मुख्यसचिव 1994 बैच के विकासशील को बनाया है वे एक अक्टूबर से मुख्य सचिव का पदभार एवं कार्यभार ग्रहण करेंगे। ज्ञात हो कि विकासशील प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में फिलिपींस की राजधानी मनीला स्थित एशियाई डेवलपमेंट बैंक के कार्यकारी निदेशक थे। वहां से उन्हें छग के लिए रिलीव कर दिया गया है। उनकी पत्नी निधि छिब्बर आईएएस है। उनकी जगह नीति आयोग में नई पोस्टिंग की गई है।

## आबकारी उपनिरीक्षक अनुला झाड़े ने अपने जन्मदिन पर बच्चों के संग साझा की खुशियां



**प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां के तहत मनाया जन्मदिन**

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित अभिनव पहल प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां के तहत रायपुर जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी अब अपने जन्मदिवस को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए नन्हें बच्चों संग खुशियां बांट रहे हैं।

इसी कड़ी में विजय नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आबकारी विभाग की उपनिरीक्षक सुश्री अनुला झाड़े ने अपने जन्मदिन के अवसर पर आंगनबाड़ी तथा स्कूली बच्चों के साथ विशेष समय बिताया। बच्चों के साथ केक काटा तथा उन्हें फल, मिठाई, पौष्टिक आहार वितरित की।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले के 14 कर्मचारियों को जन्मदिन की पूर्व संध्या पर एसएमएस और ई-कार्ड के माध्यम से शुभकामनाएं भेजी गई और उन्हें पास के आंगनबाड़ी या विद्यालय में बच्चों संग जन्मदिन मनाने हेतु प्रेरित किया गया।

### हम हाफबिजली से मुफ्त बिजली की ओर छत्तीसगढ़ के लोगों को ले जा रहे हैं - मुख्यमंत्री साय

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लोगों के लिए काफ़ी फायदेमंद साबित होने वाला है, हम छत्तीसगढ़ के लोगों को हाफबिजली से मुफ्त बिजली की ओर ले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि केंद्र सरकार कि सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत हितग्राहियों को 1 किलो व्हाट बिजली के लिए तीस हजार कि सब्सिडी प्रदान की जा रही है वहीं राज्य सरकार ने भी 15 हजार की सब्सिडी देने का प्रावधान रखा है, इस तरह कुल लागत का 75त्न राशि सब्सिडी के रूप में दीया जा रहा है । इसके आलावा बैंक से लोन भी इस योजना के लिए प्रदाय किया जायेगा। जो की कुछ समय में ही फ्री हो जायगा और हितग्राही को बिजली मुफ्त मिलने लग जायेगी। यदि कोई ज्यादा पॉवर के प्लांट लगाता है तो वह अपनी आवश्यकता अनुसार उपयोग करने के बाद शेष बिजली किसी और को भी बेच सकता है। यह योजना आने वाले समय में प्रदेश वासियों को काफ़ी राहत देगा और मुफ्त में बिजली पाने का सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगा।

## मनेन्द्रगढ़ में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की मांग, कैट ने उद्योग एवं श्रम मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़/ कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स जिला एमसीबी इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन से मुलाकात कर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी क्षेत्र में बड़े औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की मांग की है।व्यापारिक संस्था के पदाधिकारियों ने मंत्री को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है की मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है लेकिन औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। यदि यहां एल्यूमिनियम एलॉय निर्माण इकाई एवं मोटर वाहन पार्ट्स एसेसरीज़ की फैक्ट्री स्थापित की जाए तो यह क्षेत्र पुनः आर्थिक दृष्टि से समृद्ध हो सकेगा।मंत्री को सौंपे गये ज्ञापन के मुख्य बिंदु

प्राकृतिक और औद्योगिक संभावनाएँ :- क्षेत्र में कोयले का विशाल भंडार, जल संसाधनों की प्रचुरता, बालकोङ्ककोरबा से एल्युमिनियम की उपलब्धता तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के निकटता से परिवहन सुविधा उपलब्ध है।रोजगार सृजनः आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण यहां उद्योग स्थापना से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और सामाजिकङ्कआर्थिक उत्थान होगा।भूमि उपलब्धताः बंजीङ्कबुंदेली क्षेत्र में पूर्व में आरक्षित लगभग 400 एकड़ भूमि का उपयोग इस औद्योगिक परियोजना के लिए किया जा सकता है।व्यापारिक संस्था कैट के जिला अध्यक्ष पोद्दार ने कहा कि प्रस्तावित उद्योगों से स्थानीय व्यापारियों और लघु उद्यमियों को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। बेरोज़गारी और पलायन की समस्या समाप्त होगी और राज्य सरकार को कर और राजस्व में बढ़ोतरी होगी। संगठन ने परसगढ़ी औद्योगिक क्षेत्र की तर्ज पर इस क्षेत्र में नये औद्योगिक क्षेत्र की घोषणा कर शीघ्र कार्यवाही प्रारंभ करने की मांग की है।



उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन को ज्ञापन सौंपने के दौरान कैट की तरफसे जिला अध्यक्ष रघुनाथ पोद्दार, जिला महामंत्री अरविंद सराफ जिला कोषाध्यक्ष विनय जायसवाल, जिला प्रभारी एमसीबी कोरिया रफीक मेमन, रोहन फरमानिया, राहुल शर्मा, कमल केजरीवाल, शैलेश जैन, रंजीत चोपड़ा।

# राजधानी के विकास में अभियंताओं की भूमिका महत्त्वपूर्ण : महापौर

**भारत रत्न महान अभियंता मोक्ष गुण्डम विश्वेश्वरैय्या को 165 वीं जयंती पर दी आदरांजलि**



**रायपुर ।** रायपुर नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन कमांक 4 के सहयोग से संयुक्त अभियंता आयोजन समिति के तत्वावधान में राजधानी शहर रायपुर के सिविल लाईन्स पीडब्ल्यूडी चौक में स्थित भारत रत्न महान अभियंता मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या की 165वीं जयंती पर रखे गये संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर राजधानी शहर की प्रथम नागरिक रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सभी राजधानीवासियो की ओर से भारत रत्न महान अभियंता मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या को जयंती पर सादर नमन कर आदरांजलि अर्पित की।महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सभी अभियंताओं को अभियंता दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। महापौर ने कहा कि रायपुर शहर के विकास में सभी विभागो के अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होने सभी अभियंताओं से रायपुर शहर को राजधानी के अनुरूप सुन्दर स्वच्छ, हरित, स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने की अपील की। संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, छ.ग. विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री हेमंत वर्मा, वरिष्ठ अभियंता श्री चंद्रकांत पिल्लीवार, पीएचई के मुख्य प्रमुख अभियंता श्री ओंकेश चंद्रवंशी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंता श्री पी.एन. सिंह, नगर निगम के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता सूडा के संविदा मुख्य अभियंता श्री राजेश शर्मा, राविप्रा के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता श्री डी.एस. परोहा, वास्तुविद श्री मनीष पिल्लीवार, रायपुर नगर निगम अधीक्षण अभियंता श्री राजेश राठौर, वरिष्ठ अभियंता सर्वश्री सी.पी शर्मा, श्री मनोज वर्मा, श्री योगेश शर्मा सहित वरिष्ठ अभियंताओ एवं कनिष्ठ अभियंताओं ने मूर्ति स्थल पर पहुंचकर भारत रत्न महान अभियंता मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या को उनकी 165 वीं जयंती पर नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर संयुक्त अभियंता आयोजन समिति के तत्वावधान में महान अभियंता के मूर्ति स्थल के समीप रक्त दान शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमे वरिष्ठ व कनिष्ठ अभियंताओं ने स्वेच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ फीता काटकर महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने किया। उन्होने संयुक्त अभियंता संघ द्वारा आयोजन समिति के अभियंता दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजन को सराहा।

## बाढ़ पीड़ितों से मिलने अमृतसर पहुंचे राहुल गांधी

**रायपुर ।** पंजाब में आई बाढ़ आपदा के बाद हालात का जायजा लेने कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमृतसर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा श्री समाध बाबा बुड्ढा जी साहिब में मत्था टेका और पंजाब व देशवासियों की भलाई के लिए अरदास की।

राहुल गांधी के साथ छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद रहे, जिन्होंने बाढ़ पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और राहत कार्यों को लेकर अपनी चिंता जताई।

## बदली से धान की खरीफ फसलों का भूरा माहो का प्रकोप, आगामी दिनों में वर्षा होने का पूर्वानुमान




**रायपुर।** प्रदेश में पिछले कई दिनों से बदली छाई रहने एवं अनवरत वर्षा के कारण भूरा एवं सफेद माहो बढ़ता जा रहा है। इसमें भूरा माहू सबसे ज्यादा खतरनाक है, किसानों ने अधिकारियों से अपील की है कि वे तत्काल दवाई का छिड़काव करें।

किसान नेताओं एवं कृषि विभाग के अधिकारियो के अनुसार इस वर्ष पानी विलंब से गिरा, जिसके कारण जल्द पकने वाली फसलों की बालियां आने में देर हो रही है। इधर बदली छाने से सफेद एवं भूरा माहो का प्रकोप होने से सफसल चौपट होने की संभावना है। आरंग धरसींवा ब्लाक तथा अन्य स्थानों पर भूरा माहो फैलने की शिकायत मिली है।

**वर्षा होने के पूर्वानुमान :** मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक ऊपरी चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और उसके आसपास स्थित है तथा या 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

## हिन्दी दिवस पर हिन्दी की बदलती दुनिया पर हुई संगोष्ठी

रायपुर, ।

**हिं**दी दिवस पर हिंदी विशेषज्ञों ने कहा कि हिंदी अब तकनीक की भाषा बन चुकी है और दुनिया के साथ हिंदी भी बदल रही है।इस अवसर पर डॉ गोपाल कमल की पुस्तक न्यूरोलिंग्वस्टिक्स, डॉ सुधीर शर्मा की पुस्तक लार्ज लैंग्वेज माडल और त्र्यंबकराव साटकर की पुस्तक यथार्थ जीवन का विमोचन हुआ।

आज हिन्दी दिवस के अवसर पर रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह की पहल पर राजधानी शहर रायपुर के ऐतिहासिक टाउनहाल में प्रोजेक्ट संस्कृति अंतर्गत आयोजन का सिलसिला प्रारम्भ हो गया है. रायपुर जिला कलेक्टर ने प्रोजेक्ट संस्कृति हेतु रायपुर नगर पालिक निगम की उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है. अब रायपुर जिला प्रशासन के संस्कृति प्रोजेक्ट अंतर्गत राजधानी शहर की ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण देकर उन्हें समृद्ध बनाने विविध सांस्कृतिक आयोजन नियमित रूप से किये जायेंगे.

इस क्रम में प्रोजेक्ट संस्कृति अंतर्गत आज ऐतिहासिक टाउनहाल में पहला सांस्कृतिक आयोजन छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान के तत्वावधान में रायपुर जिला प्रशासन के सहयोग से हिंदी उत्सव का आयोजन हिंदी दिवस पर किया गया, जिसमें रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप सम्मिलित हुए । ऐतिहासिक टाऊनहॉल में आयोजित इस समारोह में हिंदी की बदलती दुनिया पर संगोष्ठी का आयोजन रखा गया, पुस्तक का विमोचन और हिंदी समाचार वाचकों का सम्मान किया गया।

मुख्य वक्ता दिल्ली के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ गोपाल कमल ने हिन्दी की बदलती दुनिया पर अपने ओजस्वी विचारों से सभी उपस्थितजनों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त श्री विश्वदीप ने हिन्दी के बदलते स्वरुप को आर्टिफिशल इंटेलीजेंस से जोड़ते हुए अत्यंत मनोहारी व्याख्यान दिया।

गरिमामय आयोजन की अध्यक्षता साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने की। इस अवसर पर मंच में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज, छत्तीसगढ़ मित्र के संपादक डॉ सुशील त्रिवेदी, वरिष्ठ संस्कृति विशेषज्ञ राहुल कुमार सिंह की उपस्थिति रही।

## छत्तीसगढ़ से दर्शन के लिए निकले श्रद्धालुओं की बस यूपी में हादसे का शिकार, 4 की मौत, 9 घायल



**रायपुर/जौनपुर।** छत्तीसगढ़ से अयोध्या और काशी दर्शन के लिए निकले श्रद्धालुओं का सफर उस वक्त मातम में बदल गया जब उनकी बस उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गई। यह हादसा लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर क्रॉसिंग के पास हुआ, जहां बस ओवरटेक करते समय एक ट्रेलर से टकरा गई।भीषण टक्कर में चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि सभी श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे और धार्मिक यात्रा पर निकले थे। वे अयोध्या में रामलला के दर्शन के बाद काशी (वाराणसी) की ओर जा रहे थे। लेकिन जौनपुर में यह भीषण हादसा हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। चारों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और ट्रेलर चालक की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

छत्तीसगढ़ आबकारी घोटालाः चैतन्य बघेल की आज गिरफ्तारी तय, ईओडब्ल्यू और ईडी दोनों की बड़ी कार्रवाई

रायपुर, 15 सितम्बर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में चर्चित आबकारी घोटाले से जुड़ी बड़ी कार्रवाई सामने आ रही है। आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की टीम आज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार करने जा रही है। गिरफ्तारी के बाद, ईओडब्ल्यू कोर्ट में पुलिस रिमांड के लिए आवेदन करेगी। टीम चैतन्य को कोर्ट में पेश कर प्रोडक्शन वारंट के जरिए रिमांड पर लेने की प्रक्रिया शुरू करेगी, ताकि उनसे आबकारी घोटाले सहित अन्य मामलों में पूछताछ की जा सके।

उधर, प्रवर्तन निदेशालय भी आज चैतन्य बघेल के खिलाफबड़ी कानूनी कार्रवाई करने जा रही है। रायपुर जेल में न्यायिक रिमांड पर बंद चैतन्य के खिलाफ श्रष्ठ विशेष अदालत में चालान दाखिल किया जाएगा। उम्मीद है कि चालान पेश करते समय ईडी की टीम चैतन्य को कोर्ट भी ला सकती है। इसके अलावा, आज बिलासपुर हाईकोर्ट में भी चैतन्य बघेल की याचिका पर सुनवाई होनी है, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। इस याचिका पर ईडी की ओर से भी जवाब पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि 18 जुलाई 2025 को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी ने चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया था और तब से वह रायपुर की केंद्रीय जेल में बंद हैं।

## तेलीबांधा क्षेत्र के फार्म हाउस में छापा, हुक्का तथा विदेशी शराब जब्त

**रायपुर ।** तेलीबांधा स्थित फर्म हाउस में एक शराब पार्टी के दौरान पुलिस द्वारा मारे गए छापा में हुक्का पाट तथा विदेशी शराब बड़ी मात्रा जब्त की गई है। राजधानी में न्यूड पार्टी के पश्चात आज पुलिस को एक और सफलता मिली है। एक निजी फर्म हाउस में कई सफेद पोश की पार्टी में जमकर विदेशी शराब तथा हुक्का का प्रयोग करने वालों को पकड़ा गया। पहले आबकारी विभाग को इसकी सूचना दी गई, जिसमें आबकारी विभाग ने खानापूर्ति कर सिर्फ शराब की जब्ती दिखाई, लेकिन इसके पश्चात पुलिस को पता लगा तो वे चार दिवारी फांदकर फार्म हाउस पहुंचे जिसके कारण यहां पर भगदड़ मंच गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार यहां पर एक व्यक्ति चावला को हिरासत में लिया गया है, बाकी लोगों से पूछताछ की जा रही है। ज्ञात रहे हुक्का में चरस, अफिम का उपयोग किया जाता है।

## सिम्स अस्पताल की टीम ने दिखाई जान बचाने वाली सूझबूझ, बुजुर्ग के गले से निकाले 6 सेविंग ब्लेड

**रायपुर/बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स), बिलासपुर के डॉक्टरों ने रविवार को अवकाश के दिन एक बेहद जोखिम भरी सर्जरी कर 74 वर्षीय बुजुर्ग की जान बचाई। बुजुर्ग ने गलती से छह सेविंग ब्लेड निगल लिए थे, जिन्हें डॉक्टरों की टीम ने करीब एक घंटे की सर्जरी कर सुरक्षित रूप से गले से बाहर निकाला।

मरीज की गंभीर हालत देख सक्रिय हुआ पूरा मेडिकल स्टाफ

उसलापुर निवासी केपी मिश्रा (74 वर्ष) को उनके परिजन गंभीर हालत में सिम्स लेकर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि उन्होंने गलती से छह ब्लेड निगल ली हैं। इस सूचना से डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ हैरान रह गए। तत्काल मामला सिम्स के




डीन डॉ. रमणेश मूर्ति को बताया गया, जिन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए अवकाश के दिन भी ईएनटी, एनेस्थीसिया और अन्य विभागों की विशेषज्ञ टीम को त्वरित रूप से बुलाकर ऑपरेशन के निर्देश दिए।

विशेषज्ञों की टीम ने बिना आंतरिक नुकसान के निकाली ब्लेड

ईएनटी विभाग प्रमुख डॉ. आरती पांडे और डॉ. विद्या भूषण साहू तथा एनेस्थीसिया विभाग की डॉ. मधुमिता मूर्ति और डॉ. शीतल दास की अगुवाई में सर्जरी शुरू की गई। करीब एक घंटे तक चले ऑपरेशन में अत्यंत सावधानी के साथ ब्लेड को गले से बाहर निकाला गया। सर्जरी के बाद मरीज को आईसीयू में निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों का कहना है कि गले के स्वर तंत्र, आहार नली या श्वसन मार्ग को कोई स्थायी क्षति नहीं पहुंची है।

**समय पर कार्रवाई से टली जानलेवा स्थिति**

विशेषज्ञों के अनुसार, ब्लेड जैसी धारदार वस्तु निगलने से आहार नली में छेद हो सकता था, जिससे आंतरिक रक्तस्राव, संक्रमण और दम घुटने जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी। यदि समय पर सर्जरी न होती, तो मरीज की जान जाना तय था।

**डीन डॉ. मूर्ति ने बताया इसे टीम वर्क का परिणाम**

सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि यह सर्जरी चिकित्सा विशेषज्ञों के लिए एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन ईएनटी और एनेस्थीसिया विभाग की आपसी समझदारी और अनुभव के चलते यह सफल रहा। अवकाश के दिन भी पूरी टीम ने तत्परता दिखाई और मरीज को जीवनदान दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि यह सिम्स के लिए गर्व का विषय है।

## चैतन्य बघेल के खिलाफ शराब घोटाला, कोल लेवी, महादेव सट्टा ऐप और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच चल रही

**रायपुर ।** ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ शराब घोटाला, कोल लेवी, महादेव सट्टा ऐप और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच चल रही है। चैतन्य बघेल की 18 जुलाई 2025 को गिरफ्तार किया गया था। तब से रायपुर जेल में बंद है। दरअसल, शराब घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने चैतन्य बघेल को भी आरोपी बनाया है। चैतन्य पर शराब घोटाले की रकम से चैतन्य को 16.70 करोड़ रुपए मिलने का आरोप है।

बीते दिन छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने रायपुर कोर्ट में 7 हजार पन्नों से ज्यादा का चालान पेश किया था। साथ ही ईओडब्ल्यू-एसीबी ने चैतन्य से पूछताछ के लिए 7 दिन की रिमांड मांगी है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है और कल मंगलवार को फिर से सुनवाई होगी। बता दें कि सोमवार का ईडी के अधिकारी 4 बंडल दस्तावेज लेकर कोर्ट पहुंचे थे। ईडी ने कोर्ट में 7 हजार पन्नों से ज्यादा का चालान पेश किया है। इसके अलावा चैतन्य बघेल की कस्टोडियल रिमांड खत्म होने पर जेल के अधिकारियों ने



कोर्ट में पेश किया। वहीं चैतन्य की रिमांड के लिए ईओडब्ल्यू-एसीबी ने भी कोर्ट में आवेदन लगाया है। माना जा रहा है कि अब ईओडब्ल्यू-एसीबी की भी टीम भी घोटाले को ले कर पूछताछ कर जांच करेगी।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफ के मामले में आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी रायपुर की उरला थाना पुलिस ने साइबर सेल की मदद से चाइल्ड पोर्नोग्राफ के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी पर आईटी एक्ट की धारा 67(b) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फ ोन जब्त कर फोरेंसिक जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि पुलिस को तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जानकारी मिली थी कि आरोपी उरला थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई में आरोपी मोहम्मद शाहिद (22 वर्ष), पिता मोहम्मद साहिम हुसैन, निवासी शुक्रवारी बाजार, बिरगांव, थाना उरला सोशल मीडिया प्लेटफ ॉर्म और अन्य डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर नाबालिग बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री का संग्रहण और प्रसार कर रहा था। प्राथमिक जांच में यह सामने आया कि आरोपी ने इंस्टाग्राम जैसे ऑनलाइन समूहों में सामग्री साझा की थी। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसमें संदेहास्पद सामग्री मिली है। मोबाइल का फोरेंसिक परीक्षण कराया जा रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी ने कितने समूहों में सामग्री साझा की और उसका नेटवर्क कितना बड़ा है। आरोपी पर आईटी एक्ट की धारा 67(ड्ढ) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस धारा के तहत नाबालिगों से संबंधित अश्लील सामग्री का संग्रहण, प्रसारण या साझा करना अपराध है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी रायगढ़ सहित अन्य जिलों में रैलियों का संभालेंगे



**कोरबा सहित अन्य जिलों का करेंगे दौरा**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट तीन दिवसीय प्रवास पर 16 सितम्बरको आ रहे है। अपनी यात्रा के दौरान वे रायगढ़, कोरबा के प्रवास पर रहेंगे।

पार्टी के प्रवक्ता के अनुसार पार्टी के द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन के तहत विभिन्न जिलों में आंदोलन किया जाना है। गत दिनों में बिलासपुर में सफल आयोजन किया गया था, अब इस आंदोलन का विस्तार किया जा रहा है, जिसके तहत अब कोरबा को 16 सितम्बर को कांग्रेस द्वारा विशाल रैली निकाली जाएगी, जिसमें स्थानीय कार्यकर्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि इस अवसर पर चरण दास महंत नेताप्रतिपक्ष एवं रायगढ़ जिले के कांग्रेस विधायक उपस्थित रहेंगे। यहां से वे कोरबा जाएंगे, कोरबा में रात्रि विश्राम करने के बाद बेमेतरा में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट कांग्रेस को मजबूत बनाने एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह वर्धन करने दौरा कर रहे हैं।

## संपादकीय

### मोदी की नेतृत्व क्षमता के मुरीद हुए ट्रंप

पीएम मोदी के नेतृत्व क्षमता का दुनिया लोहा मान रही है। अभी तक भारत से खुंदक निकाल रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिर, पलटी मार गए। भारत को धो-धो कर कोस रहे ट्रंप समझ चुके हैं कि उनकी तिरछी चाल से भारत का तो जो होगा सो होगा बेइज्जती तो अमेरिका और उनकी खुद की होने वाली है। शुल्क और रूसी तेल खरीद को लेकर अमेरिका और भारत के मध्य भारी तनाव पैदा करने के बाद ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष संबंध हैं। इस पलटी को खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे के सिवा और क्या कहा जा सकता है। दोनों देशों के बीच संबंध पिछले दो दशकों में सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। अपने मित्र मोदी से मित्रता को याद करते हुए ट्रंप कहे बिना नहीं रह सके कि 'मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा..वह शानदार प्रधानमंत्री हैं।' ट्रंप की इस चालबाजी को भांपते हुए भारत को गद्गद् होने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने पिछले कुछ समय में भारत के साथ जो अपमानकारी हरकतें की हैं, उन्हें भारत को नहीं भूलना चाहिए।



### हर लम्हे ने सुकून ए समंदर पाया।

आँखों में तेरी इश्क का समंदर पाया है,
दर्द का इलाज भी तेरे ही अंदर पाया है।

तेरे खुवाबों से रोशन होती रातें मेरी
दिल ने भूल-भुलैये का मंतर पाया ।

साँसों की खुशबू में जन्नत का असर,
हर लम्हे ने सुकून ए समंदर पाया।

तेरे लबों की हँसी जैसे हो सवेरा कोई,
पलकों में शाम का मंजर पाया पाया ।

वादों मे तेरे रहा चाहत का प्यारा जादू,
तन्हाई में भी दिल का हार सजाया है।

झसंजीव तेरे इश्किया राहे-सफ़र से
रूहानी सुकून का असर आया ।

**संजीव ठाकुर,**


QR CODE SCAN
कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp
Modimaya_ Vaidik_Netritva
Rashtriya Ekta
DLF-Vadra-Bhrasht Tantra
Silent Assassins Jan11,1966
Accursed & Jihadi Neighbour

# नरेन्द्र मोदी युगांतरकारी नेतृत्व के प्रतीक महामानव



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



नरेंद्र मोदी आज केवल भारत के प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारतीय लोकतंत्र की गौरवगाथा को नई ऊँचाइयों तक ले गया है। साधारण परिवार में जन्मा एक बालक, जिसने जीवन के संघर्षों को तपस्या की तरह जिया, आज विश्व राजनीति ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता का मार्गदर्शक बन गया है। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि व्यक्ति में अटूट परिश्रम, कर्मनिष्ठा और राष्ट्रनिष्ठा का अदम्य संकल्प हो, तो वह इतिहास की धारा को भी मोड़ सकता है। नरेंद्र मोदी का उदय किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि यह भारत की जाग्रत चेतना और आत्मविश्वास का प्रतीक है। इक्कीसवीं सदी के भाल पर अपने कर्तृत्व की जो अमिट रेखाएं उन्होंने खींची हैं, वे विश्व राजनीति, मानवता एवं राष्ट्रीयता के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। राजनीति-क्रांति के साथ-साथ वे व्यक्ति-क्रांति एवं समाज-क्रांति के सूत्रधार है। उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करना उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाता है। उनके लिये तो इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय हैं। इस वर्ष उनका 75वां जन्मोत्सव मनाते हुए समूचा राष्ट्र अपूर्व गर्व और गौरव की अनुभूति कर रहा है।

मोदी का व्यक्तित्व अनेक विलक्षणताओं का समवाय है, वह कठोर परिश्रम और मिशनरी दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण है। उनके दिन और रात का प्रत्येक क्षण राष्ट्र के लिए समर्पित रहता है। वे चौबीस घंटे भारत के लिए जीते हैं और योजनाओं को केवल कागजों पर नहीं छोड़ते, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारते हैं। उनका मंत्र ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास÷ केवल राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को नई दिशा देने वाला दर्शन है। उन्होंने राजनीति को सत्ता की होड़ से निकालकर सेवा और राष्ट्रनिर्माण का साधन बना दिया। काल के अनंत प्रवाह में 75 वर्षों का मूल्य बहुत नगण्य होता है, पर मोदी ने उद्देश्यपूर्ण जीवन जीकर जो ऊंचाइयां और उपलब्धियां हासिल की हैं, वे किसी कल्पना की उड़ान से भी अधिक है। अपने जीवन के सार्थक प्रयत्नों से उन्होंने इस बात को सिद्ध किया है कि साधारण पुरुष वातावरण से बनते हैं, किन्तु महामानव वातावरण बनाते हैं। समय और परिस्थितियां उनका निर्माण नहीं करती, वे स्वयं समय और परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। साधारण पुरुष जहां अवसर को खोजते रहते हैं, वहां महापुरुष नगण्य अवसरों को भी अपने कर्तृत्व की छेनी से तराश कर महान् बना देते हैं।

नरेन्द्र मोदी का जन्म एवं पालन-पोषण वडनगर, बॉम्बे राज्य (वर्तमान गुजरात) में 17 सितंबर 1950 को हुआ। जहाँ उन्होंने अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की। आठ साल की उम्र में उनका आरएसएस से परिचय हुआ और वे 1971 में गुजरात में संगठन के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए। और 1998 में महासचिव बने। वे भारतीय राजनीति के जुझारू, कर्मठ एवं जीवट वाले नेता हैं जो 2014 से भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यरत हैं। मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और वाराणसी से सांसद हैं। इस वर्ष अपने 75वें जन्मदिन पर मोदी मध्य प्रदेश के धार जिले के भैंसोला गांव में रहेंगे। इस दिन प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड एपेरल पार्क का भूमि पूजन करेंगे। कपास आधारित उद्योगों पर आधारित यह पार्क 6 लाख किसानों को फायदा देगा। इसके अलावा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करेंगे, इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर उनकी पहुंच को बेहतर करना, गुणवत्तापूर्वक देखभाल और जागरूकता सुनिश्चित करना है। इसके अलावा महिलाओं के लिए कई अन्य योजनाओं की भी शुरुआत होगी।

मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, वे युगांतरकारी कही जा सकती हैं। आर्थिक क्षेत्र में जीएसटी, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं ने देश को नई गति दी। सामाजिक क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, आयुष्मान भारत जैसी पहल ने करोड़ों गरीबों को सम्मानजनक जीवन का आधार दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने भारत की नई आक्रामक और निर्णायक छवि प्रस्तुत की। इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि मोदी ने भारतीय समाज में आत्मविश्वास का संचार किया और यह भावना मजबूत की कि भारत अब किसी से पीछे नहीं रहेगा। वैश्विक मंच पर नरेंद्र मोदी ने भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके विचार, जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता, कोप-26 जैसे पर्यावरण मंचों पर उनकी स्पष्ट प्रतिबद्धता, विश्व को यह संदेश देती है कि भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र है। कोविड महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री योजना ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अपनी सीमाओं से परे जाकर पूरी मानवता के लिए सोचता है। यही कारण है कि आज भारत को विश्वगुरु की भूमिका निभाने वाला देश माना जाने लगा है और नरेंद्र मोदी इस नई पहचान के प्रेरक बने हैं।

मेरे लिए भी नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व केवल दूर से देखने का विषय नहीं रहा, बल्कि उनके साथ जुड़े अनेक आत्मीय अनुभव आज भी मेरे जीवन की स्मृतियों में ताज़ा है। वर्ष 2007 में जब मैं सुखी परिवार फाउंडेशन के महामंत्री के रूप में कार्य कर रहा था, तब गुजरात के आदिवासी अंचल कवांट में एक विशाल आदिवासी सम्मेलन गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में हमने आयोजित किया था। उस सम्मेलन में नरेंद्र मोदी स्वयं पधारे थे। उस समय वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे और कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी समाज की ऊर्जा और उत्साह के बीच गणि राजेन्द्र विजयजी ने बड़ी आत्मीयता से उनको कहा था-÷अब आप दिल्ली चलो।÷ गणिजी का यह वाक्य केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी धर्मगुरु की अंतरदृष्टि थी, जो बाद में सार्थक भी हुई। गणि राजेंद्र विजयजी के प्रभाव से उस सम्मेलन में करीब डेढ़ लाख आदिवासी एकत्र हुए थे और मोदीजी ने उस सम्मेलन को जिस संवेदनशीलता और गंभीरता से संबोधित किया, वह उनकी लोकमंगलकारी दृष्टि और आदिवासी समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रमाण था। मेरे लिए यह केवल एक व्यक्तिगत संस्मरण नहीं, बल्कि इस बात का साक्षात अनुभव है कि मोदीजी किस तरह जीवन के हर स्तर पर मिलने वाले लोगों और परिस्थितियों को दूरगामी दृष्टि से देखते हैं और उनमें राष्ट्र निर्माण की संभावनाएँ खोजते हैं।

मोदीजी के व्यक्तित्व का एक बड़ा पक्ष मानवीय संवेदनाओं से भरा हुआ है। चाहे गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराना हो, किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाना हो, बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना हो या स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ आम जन तक पहुँचाना हो, मोदी का हर कदम जीवन को सरल और सम्मानजनक बनाने पर केंद्रित है। वे न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन के सिद्धांत पर चलते हुए प्रशासन को अधिक सक्षम और प्रभावी बनाते हैं। उनका नेतृत्व केवल आधुनिकता और विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। उनके प्रयासों से योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली और 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय हुआ। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम और केदारनाथ धाम का पुनरुद्धार उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और आस्था के प्रति गहरे सम्मान को प्रकट करता है। इस प्रकार वे आधुनिक भारत और प्राचीन भारत की आत्मा के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं।

आज नरेंद्र मोदी का नाम विश्व के शीर्ष नेताओं में गिना जाता है। टाइम और फोर्ब्स जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाएँ उन्हें दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों की सूची में शामिल करती हैं। अमेरिका, रूस, फ्रांस, जापान जैसे देशों के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनके व्यक्तिगत रिश्ते भारत की कूटनीति को नई ऊँचाइयों तक ले गए हैं। आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, शांति और विकास जैसे मुद्दों पर उनकी स्पष्ट और निर्णायक आवाज़ आज पूरी दुनिया सुनती है। उनका 75वां जन्मोत्सव केवल एक व्यक्ति के जीवन का उत्सव नहीं है, बल्कि उस युगांतरकारी यात्रा का प्रतीक है जिसने भारत को नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर किया है। वे उस नेतृत्व के धनी हैं जिसने भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। कठोर परिश्रम, राष्ट्रनिष्ठा और मिशनरी दृष्टि से ओतप्रोत नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति का ही नहीं, विश्व राजनीति का भी स्वर्णिम अध्याय हैं। आने वाला समय इस बात का साक्षी बनेगा कि उनका नेतृत्व न केवल एक नए भारत का निर्माण करेगा, बल्कि विश्व को भी शांति, सहयोग और विकास का नया मार्ग दिखाएगा।

# भाजपा पर चाइना से रिश्ते सुधारने के लिए राष्ट्रीय बहस की आवश्यकता

**अजय दीक्षित**

अमेरिका के राष्टपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ बार के कारण दुनियां के कई देश अपनी विदेश व्यापार नीति का पुनरीक्षण कर रहे हैं। भारत भी कुछ ऐसा ही कर रहा है। भारत ने अमेरिका के विकल्प के तौर पर रूस और चीन को चुना है। भारत के रणनीतिकार जानते हैं कि रूस तो भारत पुराना भागीदार है और भारत उससे सूत कर व्यापार कर रहा है। इतना ही नहीं अमेरिका से रिश्ते खराब होने के कारकों में से एक कारण रूस से सस्ती दरों पर क्रूड ऑयल खरीद ना वह भी विश्व में सबसे अधिक और अपनी जरूरतों का चालीस फीसदी। लेकिन चीन मामले ऐसा नहीं मान सकते हैं। बल्कि चीन से रिश्ते सुधारने से पहले भारत में राष्टीय स्तर पर बहस होना चाहिए। इसके लिए संसद सत्र भी बुलाए जाने की जरूरत है। सरकार फिक्की, और अन्य संस्थाओं में विशेष सेमिनार आयोजित करे क्योंकि 1962 के बाद चीन से रिश्ते सुधारने का पहला मौका है।यह कोई छोटी मोटी बात नहीं है

चीन से हमारे कई मुद्दों जैसे गलवान,ढोकलम, अरुणाचल प्रदेश, अंतराष्टीय स्तर पर तिब्बत,तियावन,पर और दलाई लामा को लेकर गंभीर विवाद है । विदेश नीति के जानकार मानते हैं कि चीन हमेशा पाकिस्तान की मदद करता है। अभी हमारा चीन के साथ लगभग 2 लाख करोड़ का द्विपक्षीय व्यापार है जिसमें हमें 500 करोड़ का द्विपक्षीय व्यापार घाटा है। हालांकि चीन दुनियां का सबसे बड़ा निर्यातक है। चीन प्रति वर्ष 477 लाख करोड़ रुपए का विश्व व्यापार करता है। चाइना रक्षा उपकरण हेलीकॉप्टर मिसाइल ड्रोन राइफल फाइटर जेट,बड़े पैमाने पर तीसरी दुनियां के देशों को बेचता है।

भारत को विशेष कर राष्टीय स्तर पर बहस की आवश्यकता इसलिए भी है कि संबंधों की रूपरेखा दीर्घ कालीन होती है

और भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है।यहां पर सरकारों का परिवर्तन होता है और नए लोग जिम्मेदारी लेते हैं।

चीन हमेशा से जटिल विषय रहा है क्योंकि एशिया में चीन इकलौता देश है जो साम्राज्य वादी है वह अभी भी मध्यकालीन युग के विचारों से जुड़ा होकर उन्नतशील भी है और आधुनिक भी । लेकिन वह विश्वसनीय कभी नहीं रहा है। यदिप अमेरिका का व्यवहार सभी देशों के साथ कुछ कम जायदा लोकतांत्रिक ही रहता है जिसमें डॉनल्ड ट्रंप के बचकाने निर्णयों छोड़ दें तो वह विश्वसनीय रहा है।1990 से पहले जब भारत तत्कालीन रूस्क्रके नजदीक था तब भी अमेरिकन राष्टपति, रोनाल्ड रेगन, जॉर्ज बुश, निक्सन, रूजवेल्ट,ने भारत को एक आद को छोड़ कर धमकाने की कोशिश नहीं की।यहां तक कि अमेरिका कभी बेटो पावर का भी भारत के खिलाफ इस्तेमाल नहीं किया।

भारत सरकार को चीन के विषय में राजनीतिक दलों को विश्वास में लेना चाहिए विशेषकर कांग्रेस पार्टी को।

राष्टीय बहस इन संदर्भो में होनी चाहिए कि भारत चीन से क्या चाहता है और भारत किस हद तक पाकिस्तान के मसले पर पीछे हट सकता है क्योंकि आज नहीं कल पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को चीन की आड में घुसेडेगा।

जबकि भारत कश्मीर के मुद्दे पर अब तो कतई बात नहीं करेगा । बहुत से मुद्दे हैं होशकता है कि भारतीय जनता पार्टी

और राष्टीय स्वयं सेवक संघ के भी विचार भिन्न हो अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चीन दौरा कितना सही है यह परिणाम आना बाकी है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि चीन लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं है।

**यह निजी विचार है।**

# प्रधानमंत्री का संवाद देश और दिलों को जोड़ता है

**– प्रो. संजय द्विवेदी**



गुजरात के एक छोटे से कस्बे बड़नगर में पले-बढ़े नरेंद्र मोदी में ऐसा क्या है जो लोंगों को सम्मोहित करता है? उनकी राजनीतिक यात्रा भी विवादों से परे नहीं रही है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें जिस तरह निशाना बनाकर उनकी छवि मलिन करने के सचेतन प्रयास हुए, वे सारे प्रसंग लोकविमर्श में हैं।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना 75 वां जन्मदिन बुधवार को मनाएंगे। उनकी जीवन यात्रा रचना, सृजन और संघर्ष की त्रिवेणी है। उनके व्यक्तित्व का सबसे खास पक्ष है संचार और संवाद।

भारत जैसे महादेश को संबोधित करना आसान नहीं है। इस विविधता भरे देश में वाक् चातुर्य से भरे विद्वानों, राजनेताओं, प्रवचनकारों और अदीबों की कमी नहीं है। अपनी वाणी से सम्मोहित कर लेने वाले अनेक विद्वानों को हमने सुना और परखा है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की क्षमताएं उनमें विलक्षण हैं। वे हमारे समय के अप्रतिम संचारकर्ता हैं। संचार का विद्यार्थी होने के नाते मैं उनकी तरफबहुत विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखता हूं, किंतु वे अपनी देहभाषा, भाव-भंगिमा, शब्दावली और वाक् चातुर्य से जो करते हैं, उसमें कमियां ढूंढ पाना मुश्किल है। उनका आत्मविश्वास और शैली तो विलक्षण है ही, वे जो कहते हैं उस बात पर भी सहज विश्वास करने का मन होता है। मोदी सही मायने में संवाद के महारथी हैं। वे जनसभाओं के नायक हैं तो एक्स जैसे नए माध्यमों पर भी उनकी तूती बोलती है। पारंपरिक मंचों से लेकर आधुनिक सोशल मीडिया मंचों पर उनकी धमाकेदार उपस्थिति बताती है संवाद और संचार को वे किस बेहतर अंदाज में समझते हैं।

गुजरात के एक छोटे से कस्बे बड़नगर में पले-बढ़े नरेंद्र मोदी में ऐसा क्या है जो लोंगों को सम्मोहित करता है? उनकी राजनीतिक यात्रा भी विवादों से परे नहीं रही है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें जिस तरह निशाना बनाकर उनकी छवि मलिन करने के सचेतन प्रयास हुए, वे सारे प्रसंग लोकविमर्श में हैं। बावजूद इसके वे हिंदुस्तानी समाज के नायक बने हुए हैं तो इसके पीछे उनकी संप्रेषण कला और देहभाषा का अध्ययन प्रासंगिक हो जाता है। नरेंद्र मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो कभी सांसद नहीं थे और पहली बार लोकसभा पहुंचकर देश के प्रधानमंत्री बने। 2014 के आमचुनावों की याद करें तो देश किस तरह निराशा और अवसाद से भरा हुआ था। लोग राजनीति और राजनेताओं से उम्मादें छोड़ चुके थे। अन्ना आंदोलन से एक अलग तरह का गुस्सा लोगों के मन में पनप रहा था। तभी एक आवाज गूंजती है 'मैं देश नहीं झुकने दूंगा।' दूसरी आवाज थी 'अच्छे दिन आने वाले हैं।' ये दो आवाजें थीं नरेंद्र मोदी की, जो देश को एक विकल्प देने के लिए मैदान में थे। राजनीति में आश्वासनपरक आवाजों का बहुत मतलब नहीं होता, क्योंकि राजनीति तो सपनों और आश्वासनों के आधार पर ही की जाती है। किंतु नरेंद्र मोदी ने इस दौर में जो कुछ कहा उसे देश ने बहुत ध्यान से सुना। उनका दल लंबे समय से सत्ता से बाहर था और वे अपने दल की ओर से प्रधानमंत्री के उम्मीदवार बनाए जा चुके थे। जाहिर है अवसाद और निराशा से भरी जनता को एक अवसर था परख करने का। मोदी इस अवसर का लाभ उठाते हैं और जनता के मन में भरोसा जगाने का प्रयास करते हैं। वे लगातार अपनी सभाओं में कहते हैं कि वे ही इस देश को उसके संकटों से उबार सकने की क्षमता से लैस हैं। जनता मुग्ध होकर उनके भाषणों को सुनती है। अपनी अप्रतिम संवादकला से वे लोगों में यह भरोसा जगाने में सफल हो जाते हैं कि वे कुछ कर सकते हैं।

2014 में मोदी सत्ता में आते हैं और संचार के सबसे प्रभावकारी माध्यम को साधते हैं। वे आकाशवाणी पर 'मन की बात' के माध्यम से लोगों से संवाद का अवसर चुनते हैं। यानि उनका संवाद अवसर और चुनाव केंद्रित नहीं है, निरंतर है। उनमें एक सातत्य है। बदलाव के लिए, परिवर्तन के लिए, लोकजागरण के लिए। वे मन की बात को राजनीतिक विमर्शों के बजाए लोकविमर्शों का केंद्र बनाते हैं। जिसमें जिंदगी की बात है, सफाई की बात है, शिक्षा और परीक्षा की बात है, योग की बात है। मन की बात के माध्यम से वे खुद को एक ऐसे अभिभावक की तरह पेश करने में सफल होते हैं, जिसे देश और देशवासियों की चिंता है। संवाद की यही सफलता है और यही उसका उद्देश्य है। अपने लक्ष्य समूह को निरंतर अपने साथ जोड़े रखना मोदी की संवाद कला की दूसरी सफलता है। करोना संकट में भी हमने देखा कि उनकी अपीलों को किस तरह जनमानस ने स्वीकार किया, चाहे वे करोना वारियर्स के सम्मान में दीप जलाने और थाली बजाने की ही क्यों न हों। यह बातें बताती हैं कि अपने नायक पर देश का भरोसा किस तरह कायम है।

मोदी अपनी देहभाषा से कमाल करते हैं। कई बार चौंकाते भी हैं। देश की गहरी समझ भी इसका बड़ा कारण है, यही कारण है वे देश के जिस हिस्से में होते हैं वहां की स्थानीय बोली, वस्त्रों और प्रतीकों का सचेत इस्तेमाल करते हैं। इसके साथ ही उनकी पोशाकें, उनका हाफ कुर्ता, जैकेट्स आज एक तरह से स्टाइल स्टेटमेंट है। उनका अनुसरण कर नौजवान आज खद्दर और सूती कपड़ों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। हम विश्लेषण करें तो पाते हैं कि उनका समर्पित जीवन और ईमानदारी से उनकी वाणी का भी एक रिश्ता है। जब हम सिर्फ बोलते हैं तो उसका असर अलग होता है। किंतु अगर हम जो बोलते हैं उसमें कृतित्व भी शामिल हो तो बात का असर बढ़ जाता है। नरेंद्र मोदी अपनी असंदिग्ध ईमानदारी, राष्ट्रनिष्ठा और देशभक्ति के प्रतीक हैं। उनका समूचा जीवन राष्ट्र के लिए अर्पित है। ऐसा व्यक्ति जब कोई बात कहता है तो उसका असर बहुत ज्यादा होता है। क्योंकि आपकी वाणी को आपके जीवन का समर्थन है। सिर्फ देश की बात करना और देश के लिए जीना दो बातें हैं। मुझे लगता है जीवन और कर्म में एक रूप होने के नाते मोदी बाकी राजनेताओं से बहुत आगे निकल जाते हैं। क्योंकि उनकी राष्ट्रनिष्ठा पर सबको भरोसा है, इसलिए उनकी वाणी पर भी सहज विश्वास आता है। इस तरह उनकी वाणी 'भाषण' न होकर 'ह्दय से ह्दय के संवाद' में बदल जाती है। लोंगों को भरोसा है कि वे हमारी ही बात कर रहे हैं और हमारे लिए ही कर रहे हैं। मोदी ने अपनी साधारण पृष्ठभूमि की बात कभी छिपाई नहीं, जब भी उनकी साधारण स्थितियों का मजाक बनाया गया तो उसे भी उन्होंने एक सफल अभियान में बदल दिया। 'चाय पर चर्चा' का कार्यक्रम किस तरह बना, उसके संदर्भ हम सबके ध्यान में हैं। नरेंद्र मोदी सही मायने में सामान्य जनों में भरोसा जगाते हैं कि अगर संकल्प हों, इच्छाशक्ति हो तो व्यक्ति क्या नहीं कर सकता। यह एक बात लोगों को उनसे कनेक्ट करती है। अनेक राजनेता हैं, जो साधारण पृष्ठभूमि से आए हैं। किंतु उनका या तो अपनी जड़ों से उनका रिश्ता टूट गया है या वे उन विथिकाओं को याद नहीं करना चाहते। जबकि नरेंद्र मोदी अपनी जड़ों को नहीं भूलते वे हमेशा उसे याद करते हैं और खुद पर भरोसा करते हैं। यही कारण है उनका कनेक्ट सीधा जनता से बनता है। वे प्रधानमंत्री होकर भी अपने से नजर आते हैं। संचार, संवाद और पोजिशिनिंग की यह कला उनमें सहज है। बिना जतन के भी वे इन सबको साधते हैं और साधते रहेंगें क्योंकि आसमान पर होकर भी माटी की सोंधी महक उन्हें जड़ों से जोड़े रखती है। इसलिए उनका संवाद दिलों को जोड़ता है, देश को भी। **यह निजी विचार है।**

# आने वाली पीढियों के लिये ओजोन परत का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी - श्री ओ.पी. चौधरी

**इन्वायरोथॉन में राजकुमार कॉलेज, पोस्टर प्रतियोगिता में बी.पी. पुजारी स्कूल प्रथम**

**द्वितीय वर्ग में आई.आई.आई.टी. नवा रायपुर व कॉलेज वर्ग में शास. नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय प्रथम**

लोकशक्ति



अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री ओ.पी. चौधरी, माननीय मंत्री, वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना एवं सांख्यिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन ने कहा कि ओजोन परत का संरक्षण केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढियों के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिये भी अनिवार्य है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिये हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। ओजोन परत का संरक्षण केवल पर्यावरण ही नहीं बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है। हम सभी इस दिशा में आगे आयें और ओजोन क्षरण पदार्थ व इसके उपयोग से बने उपकरणों का उपयोग ना करें। आज यहां स्कूली व महाविद्यालयीन बच्चें भी उपस्थित हैं बच्चों में पर्यावरणीय चेतना से ही इस देश का हरित और सुरक्षित भविष्य बन सकता है। अतः हमें इस पर्यावरणीय समस्या के समाधान के लिये इन बच्चों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है। मण्डल के सदस्य सचिव, श्री राजु अगसिमनि ने कहा कि पोस्टर और इनवायरोथॉन जैसी प्रतियोगिताएं ना केवल ज्ञानवर्धक है बल्कि व्यावहारिक दृष्टी से भी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के उपायों के प्रति भी प्रेरित करती हैं।

कार्यक्रम में स्कूली व महाविद्यालयीन बच्चों के मध्य आयोजित पोस्टर एवं इन्वायरोथॉन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जलवायु परिवर्तन के कारण एवं निदान तथा ओजोन परत संरक्षण - मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में लगभग 550 एवं इन्वायरोथॉन के विषय "Waste to Wealth" में लगभग 350 बच्चों ने भाग लिया।

पोस्टर प्रतियोगिता प्रथम स्थान 12 वर्ष से 17 वर्ष में कु. नेहा कोसले, बी.पी. पुजारी स्कूल, रायपुर 18 वर्ष से 22 वर्ष में श्री रोहित कुमार साहू, शा. नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर व दिव्यांव वर्ग में श्री अनमोल पटले, शा. दिव्यांग महाविद्यालय, माना, रायपुर इसी प्रकार इन्वायरोथॉन प्रतियोगिता प्रथम आयु वर्ग कक्षा 12वीं तक में प्रथम स्थान श्री स्वर्णिम कुंज (ए.आर.बी. ग्रुप), राज कुमार कॉलेज, द्वितीय आयु वर्ग स्नातक में प्रथम स्थान कु. अनुष्का एक्का, आई.आई.आई.टी. नवा रायपुर तृतीय आयु वर्ग स्नातकोत्तर में श्री निखिल कसेर, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय ने प्राप्त किया।

# विशेष अभियान 5.0 का शुभारंभ: डाक विभाग की सुशासन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता

पीआईबी



भारत सरकार ने शासन में स्वच्छता, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विशेष अभियान 5.0 का शुभारंभ किया। पिछले चार वर्षों की तरह, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) विभिन्न मंत्रालयों में इस विशेष अभियान के समन्वय और संचालन के लिए नोडल एजेंसी है। पिछले संस्करणों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष भी डाक विभाग विशेष अभियान 5.0 के लिए निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। विशेष अभियान 5.0 के सुचारू संचालन के लिए डीएआरपीजी द्वारा तैयार किए गए दिशानिर्देश, डाक विभाग द्वारा अपने 23 मंडल कार्यालयों में 2 से 31 अक्टूबर, 2025 तक स्वच्छता और लंबित मामलों के निपटारे हेतु पहले ही प्रसारित किए जा चुके हैं।

इसी अवधि के दौरान, पिछले वर्ष भी विशेष अभियान 4.0 चलाया गया था, जो नवंबर 2024 से अगस्त 2025 तक प्रत्येक माह जारी रहा। इस चरण के दौरान, डाक विभाग ने उक्त अभियान के लिए निर्धारित सभी लक्ष्यों को निर्धारित समय में हासिल किया और यह सुनिश्चित किया कि स्वच्छता को एक व्यवहारिक आदत के रूप में स्थापित करते हुए सफाई की संस्कृति उसके नेटवर्क के कोने-कोने तक पहुंचे। पिछले अभियान की कुछ प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

### विशेष अभियान 4.0 की उपलब्धियां

अक्टूबर 2024 में 70,242 वास्तविक फाइलों का निपटारा किया गया, जिसकी संख्या अगस्त 2025 के अंत तक बढ़कर 1,41,801 वास्तविक फाइलों तक पहुंच गया। ज़ अक्टूबर 2024 में 1 लाख से अधिक स्थलों की सफाई की गई और दिसंबर 2024 से अगस्त 2025 तक अनुवर्ती स्वच्छता गतिविधियों में 27,968 स्थलों की सफाई की गई।




केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान नई दिल्ली के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, पूसा में रबी अभियान 2025 के लिए राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए। इस अवसर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी उपस्थित थे।



देहरादून में भारी बारिश के कारण बादल फटने से एक पुल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

## सरदार वल्लभभाई पटेल का ए आई -संचालित होलोबॉक्स 17 सितंबर 2025 को शुरू किया जाएगा

पीआईबी

अत्याधुनिक प्रधानमंत्री संग्रहालय दुनिया में अपनी तरह का एकमात्र संग्रहालय है। यह संग्रहालय स्वतंत्रता के बाद से भारत के सभी प्रधानमंत्रियों के जीवन, दृष्टिकोण और योगदान को प्रदर्शित करता है। संग्रहालय में आने वाले आगंतुकों को इतिहास की एक गहन यात्रा पर ले जाया जाता है। यहाँ उन्हें दुर्लभ कलाकृतियाँ, निजी सामान, अभिलेखीय सामग्री और मल्टीमीडिया प्रस्तुतियाँ देखने को मिलती हैं। यह हमारे नेताओं की कहानियों को जीवंत रूप से बयां करती हैं। नवाचार और नवीनतम तकनीक के उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, संग्रहालय अपनी दीर्घाओं में असाधारण सरदार वल्लभभाई पटेल का एक आदमकद एआई-संचालित होलोबॉक्स - 17 सितंबर 2025 को प्रदर्शित करने के लिए तैयार है। यह अभूतपूर्व एआई-संचालित इंटरैक्टिव होलोबॉक्स दर्शकों के देश के दूरदर्शी लोगों से जुड़ने के तरीके को बदल देगी। पहली बार आगंतुक देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के अति-यथार्थवादी 3ष्ठ अवतार के साथ जीवंत, इंटरैक्टिव बातचीत कर पाएँगे। अत्याधुनिक तकनीक के साथ मिश्रित यह अग्रणी पहल एक आकर्षक और शैक्षिक अनुभव प्रदान करती है। यहाँ आगंतुक सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, दर्शन और देश के इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों पर प्रश्न पूछ सकते हैं और उत्तर प्राप्त कर सकते हैं।

# कोल इंडिया कर्मचारियों के लिए नई वर्दी, कॉर्पोरेट वेतन पैकेज (सीएसपी) और अनुग्रह लाभों में बढ़ोतरी

**केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने कोल इंडिया के कर्मचारियों के लिए नई वर्दी, कॉर्पोरेट वेतन पैकेज और अनुग्रह राशि में बढ़ोतरी का शुभारंभ किया**




**पीआईबी।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने कोल इंडिया के कर्मचारियों के लिए नई वर्दी, कॉर्पोरेट वेतन पैकेज (सीएसपी) और अनुग्रह राशि में वृद्धि का शुभारंभ किया।

ये उपाय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ÷श्रमिक प्रथम÷ और ÷श्रमिक कल्याण÷ की सोच के अनुरूप हैं। कोल इंडिया की ÷वी केयर÷ पहल के तहत खदान दुर्घटना में मृत्यु पर अनुग्रह राशि 15 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी गई है।

÷सुरक्षा हर कर्मचारी की - सुरक्षा में एकजुट, भविष्य के लिए सशक्त÷ टैगलाइन के तहत कॉर्पोरेट वेतन पैकेज (सीएसपी) का शुभारंभ किया गया, जिससे वित्तीय सुरक्षा मजबूत हुई।

सीएसपी के तहत बीमा कवरेज नियमित कर्मचारियों के लिए 1 करोड़ रुपये और संविदा कर्मचारियों के लिए 40 लाख रुपये प्रदान किया जाता है, जिसमें 2.15 लाख से अधिक नियमित कर्मचारी और 44,000 संविदा कर्मचारी पहले ही नामांकित हैं।

नई वर्दी कोल इंडिया कर्मचारियों के बीच साझा पहचान, व्यावसायिकता और सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देती है। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने आज कोल इंडिया कर्मचारियों के लिए नई वर्दी, कॉर्पोरेट वेतन पैकेज (सीएसपी) और अनुग्रह लाभों में बढ़ोतरी का शुभारंभ किया। कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में, इन पहलों को कोयला श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण में सुधार पर विशेष ध्यान देते हुए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन और कार्यान्वित किया गया है। ये सभी पहल कर्मचारियों की पहचान को मजबूत करने, उनकी वित्तीय सुरक्षा बढ़ाने और भूमिगत तथा खुली खदानों से लेकर प्रशासनिक कार्यालयों तक, सभी स्तरों पर सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं, जो समावेशी विकास और कार्यबल-केंद्रित नीतियों के प्रति कोल इंडिया की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती हैं।

ये उपाय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ÷श्रमिक प्रथम÷ और ÷श्रमिक कल्याण÷ को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। कोयला श्रमिकों के कल्याण, सुरक्षा और सम्मान को राष्ट्रीय विकास के केंद्र में रखा गया है। यह दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा में उनके योगदान को सम्मान, संरक्षण और निरंतर समर्थन मिले।

कोल इंडिया ने अपनी ÷वी केयर÷ पहल के तहत, खदान दुर्घटना में होने वाली दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में देय अनुग्रह राशि को 15 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया है। यह बढ़ा हुआ मुआवज़ा नियमित कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों दोनों पर समान रूप से लागू होगा और मृतकों के परिवारों को सीधे भुगतान किया जाएगा, जिससे समय पर और पारदर्शी सहायता सुनिश्चित होगी। हालांकि कर्मचारियों को लेकर ÷शून्य क्षति÷ मिशन बना हुआ है। यह बढ़ी हुई अनुग्रह राशि कोल इंडिया के उस संकल्प को दर्शाती है कि नुकसान होने पर तुरंत और सहानुभूतिपूर्वक कार्रवाई की जाए और प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा रहा जाए।

# भारत की राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति के तीन वर्ष पूरे: भारत की आपूर्ति श्रृंखला इको-सिस्टम में बदलाव

**एकीकृत लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म 160 करोड़ से अधिक लेनदेन की सुविधा प्रदान करता है, जिससे 101 अंतर्देशीय कंटेनर डिपो में वास्तविक समय की दृश्यता बढ़ जाती है**

**कुशल लॉजिस्टिक्स के लिए लीड्स इंडेक्स और क्षेत्रीय नीति वैश्विक लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन और सतत विकास में भारत के उत्थान को बढ़ावा देती है**

**सरकार मल्टी-मॉडल पार्कों, कौशल पहलों और उत्सर्जन माप उपकरणों के विकास के साथ मल्टीमॉडल परिवहन और हरित लॉजिस्टिक्स को मजबूत करती है**



**पीआईबी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 सितंबर 2022 को शुरू की गई राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) की तीसरी वर्षगांठ को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) मना रहा है। एनएलपी ने पिछले तीन वर्षों में लॉजिस्टिक्स इको-सिस्टम में सुधारों को गति दी है। इससे डिजिटल एकीकरण, कौशल विकास, नीति संरेखण और बुनियादी ढांचा नियोजन में सुधार हुआ है। इन पहलों ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में दक्षता बढ़ाने और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप, राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति सॉफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने, डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने, मानव संसाधन विकास को बढ़ावा देने और नियामक सुधारों को सक्षम बनाने पर केंद्रित है। इसके प्रमुख उद्देश्य लॉजिस्टिक्स लागत को वैश्विक मानकों के अनुरूप कम करना, लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक (एलपीआई) में वर्ष 2030 तक शीर्ष 25 में भारत की रैंकिंग को सुधारना और एक कुशल एवं एकीकृत लॉजिस्टिक्स इको-सिस्टम सुनिश्चित करने के लिए एक मज़बूत, डेटा-संचालित निर्णय समर्थन प्रणाली स्थापित करना है।

राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (2022-2025) के तहत प्रमुख उपलब्धियों में यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) शामिल है। इसने 30 से अधिक डिजिटल प्रणालियों में सुरक्षित एपीआई एकीकरण की सुविधा प्रदान की है, ताकि अगस्त 2025 तक 160 करोड़ से अधिक डिजिटल लेनदेन संभव हो सके। लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक ने 101 अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) में 75 मिलियन से अधिक एक्जिम कंटेनरों पर नज़र रखी है। इससे वास्तविक समय में दृश्यता मिलती है और लॉजिस्टिक्स संचालन सुव्यवस्थित होता है।

विभिन्न राज्यों में रसद सुगमता (एलईएडीएस) सूचकांक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रसद प्रदर्शन का आकलन करता है। 2024 के संस्करण में कॉरिडोर पहुंच और टर्मिनल गति जैसे नए मानदंड शामिल किए गए, जबकि 2025 के संस्करण में डिजिटल रसद और स्थिरता मानकों को शामिल किया गया। विश्व बैंक के रसद प्रदर्शन सूचकांक में भारत को 38वें स्थान पर पहुंचाने में एलईएडीएस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लॉजिस्टिक्स उत्कृष्टता, उन्नति और प्रदर्शन शील्ड (एलईएपीएस) पहल एमएसएमई, स्टार्टअप्स और शिक्षा जगत द्वारा लॉजिस्टिक्स में नवाचार को मान्यता देती है, साथ ही ग्रीन लॉजिस्टिक्स और पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) प्रथाओं को बढ़ावा देती है। इसके अतिरिक्त, डीपीआईआईटी लागत में कमी के लिए कार्यान्वयन योग्य रणनीतियां विकसित करने हेतु राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीईएआर) के साथ साझेदारी में एक लॉजिस्टिक्स लागत मूल्यांकन कर रहा है।

## मिनी माता सम्मान के लिए 26 तक आवेदन आमंत्रित

**कांकेर,** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला, अशासकीय संस्था से मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 26 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस योजना के तहत एक महिला या संस्था को 02 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।


Truhome FINANCE

**मांग सूचना**

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**

(पूर्व नाम श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तेनाम्पेट, चेन्नई-600018 **मुख्य कार्यालय:** लेवल 3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) कासी), मुंबई-400051 **वेबसाइट:** www.truhomefinance.in

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं ने ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और उक्त ऋण खातों को गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI ACT) की धारा 13(2) के अंतर्गत उनके अंतिम ज्ञात पते पर मांग नोटिस जारी किया गया था। उक्त मांग नोटिस के अतिरिक्त, उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया है।
उधारकर्ताओं, प्रतिभूतियों, बकाया राशि, धारा 13(2) के अंतर्गत भेजे गए मांग नोटिस और उसके अंतर्गत दावा की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है।-

| उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ नाम और पता | सुरक्षित परिसंपत्तियों का संपत्ति पता | डिमांड नोटिस दिनांक एवं देय राशि रु. में. |
|---|---|---|
| **1. मेसर्स जे आर इंटरप्राइजेज (संपत्ति - श्रीमती सुमन पत्नी श्री संजय अग्रवाल) पता - 1812, पांडे टावर, संतोषी नगर चौक, भाटागांव रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001 2. श्रीमती सुमन पत्नी श्री संजय अग्रवाल 3. श्री संजय अग्रवाल पुत्र श्री राम बिलास पता - फ्लैट नंबर 305, स्काई गार्डन, सेंट जेवियर स्कूल रोड, अवंति विहार, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001**<br>**ऋण राशि - रु. 56,20,000/-**<br>**LAN - SLPHRAIP0000216** | आवासीय डुप्लेक्स फ्लैट संख्या 305, तीसरी और चौथी मंजिल, "स्काई गार्डन" बिल्डिंग, भूमि खसरा संख्या 224/36 के एक हिस्से पर स्थित,ग्राम लाभांडी, पीएच संख्या 113/65, वार्ड संख्या 32, महर्षि वाल्मीकि वार्ड, आर.आई.सी. रायपुर-9, तहसील रायपुर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़। तीसरी मंजिल पर 1050 वर्ग फुट और चौथी मंजिल पर 1102 वर्ग फुट क्षेत्रफल (कुल निर्मित क्षेत्रफल 2152 वर्ग फुट)<br>सीमा: उत्तर:- फ्लैट संख्या 306<br>दक्षिण:- फ्लैट संख्या 304<br>पूर्व:- मार्ग<br>पश्चिम:- खुला क्षेत्र | डिमांड नोटिस दिनांक - 10-09-2025<br>59,30,631/- रुपये, 10/09/2025 तक साथ में ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत आदि। |

**एनपीए तिथि - 03.06.2025**

इसलिए आप उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि आप इस नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर ऊपर उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें, साथ ही भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक ब्याज और दंडात्मक ब्याज भी दें, जो देय हो सकता है, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को उपरोक्त प्रतिभूतियों को लागू करने के लिए SARFAESI अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूतियों को स्थानांतरित करने से रोका जाता है।

स्थान: रायपुर
दिनांक: 17-09-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी- ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पहले श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# ई-ऑफिस प्रणाली का गंभीरता से करें पालन - कलेक्टर





### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

### राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक होगा आयोजन

### पीएम आवास योजना व राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर दिया जोर

**जांजगीर-चांपा** 16 सितम्बर 2025/ कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभागवार विकास कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने कार्यों की प्रगति की जानकारी नियमित रूप से प्रस्तुत करें, ताकि जिले में योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी और पारदर्शी तरीके से हो सके।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को ई-ऑफिस प्रणाली का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग प्रमुख को यह सुनिश्चित करने कहा गया कि कार्यालयीन कार्य पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से ई-ऑफिस के माध्यम से ही संपादित हों। कलेक्टर ने कहा कि ई-ऑफिस व्यवस्था शासन की प्राथमिकता है, जिससे न केवल कार्य में तेजी आएगी बल्कि अनावश्यक विलंब नहीं होगा। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण तत्काल करें और ई-ऑफिस को पूरी गंभीरता से लागू करें।

कलेक्टर ने जीएसटी रिटर्न की समीक्षा करते हुए जिले के विभिन्न विभागों द्वारा समय पर जीएसटी रिटर्न प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने शासन की बंद हो चुकी योजनाओं की शेष राशि को राज्य की संचित निधि में जमा करने की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि वे विभाग जिनके द्वारा अब तक राशि जमा नहीं की गई है, वे शीघ्र कार्यवाही पूर्ण करें। कलेक्टर ने वित्तीय अनुशासन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक योजना के लिए एक ही बैंक खाता संचालित करने तथा प्रत्येक तिमाही में बैंक खाता एवं नगद पुस्तिका का मिलान करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं सेवा पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि साफ-सफाई, रक्तदान, वृक्षारोपण, खेलकुद प्रतियोगिता, स्वास्थ्य जांच शिविर, पोषण, जल संरक्षण और जन-जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों के साथ अभिसरण के माध्यम से संचालित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस अवधि में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए एवं पोषण माह का अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निराकरण निर्देश दिए संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर मिले, इसके लिए सभी संबंधित विभाग जिम्मेदारी से कार्य करें। इसी प्रकार राजस्व संबंधी प्रकरणों की भी प्राथमिकता से सुनवाई कर निराकरण करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि लंबित प्रकरणों और सभी आवेदन निर्धारित समय सीमा में निपटाए जाएँ। उन्होंने जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास हेतु चल रहे आदि कर्मयोगी अभियान की प्रगति की जानकारी ली एवं चयनित ग्रामों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ श्री हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री आर के तंबोली, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप सिंह ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत 17 सितम्बर 25 से स्वच्छता गतिविधियां आयोजित ......

**जांजगीर चांपा** नगर पंचायत बलौदा में ÷स्वच्छोत्सव÷ के प्रसंग पर ÷स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025÷ के तहत 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों अपनाई जायेगी एवं स्वच्छता जागरूकता लाने, लोगो की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 17.09.2025 को नगर पंचायत बलौदा से हरी झण्डी दिखाकर स्वच्छता जागरूकता रैली दोपहर 11:00 बजे नगर पंचायत बलौदा कार्यालय से निकाली जायेगी एवं 25.09. 2025 को विशेष स्वच्छता अभियान श्रमदान कार्यक्रम आयोजित की जायेगी एवं दिनांक-02.10.2025 को ÷स्वच्छता दिवस कार्यक्रम÷ एवं ÷पुरस्कार वितरण कार्यक्रम÷ आयोजित की जायेगी। अतएव उक्त कार्यक्रमों में आप सादर आमंत्रित हैं।

## जिला उपाध्यक्ष पंकज ने रायपुर मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की मुलाकात



**जांजगीर चांपा /** भारतीय जनता पार्टी के जांजगीर चाम्पा के जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने मुख्यमंत्री निवास रायपुर मे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की । उन्होंने श्री साय को टी सी एल कालेज जांजगीर मे नए भवन कालेज के निर्माण के लिए राशि जारी करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## करही में दो युवकों के शराब सेवन से हुए मृत्यु के मामले जांच टीम गठित

**जांजगीर चांपा /** करही गांव में दो युवकों की शराब सेवन से मृत्यु के मामले में जांच टीम गठित कर दी गई है । ज्ञात हो कि थाना बिर्रा अन्तर्गत ग्राम करही के मनोज कुमार कश्यप एवं सूरज कुमार यादव के द्वारा दिनांक 15 सितंबर 2025 को शराब सेवन करने से उपचार के दौरान सारंगढ़ अस्पताल में मृत्यु हो गई है । मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षकविजय कुमार पाण्डेय जांजगीर चांपा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में यदुमणी सिदार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चांपा के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी कर्मचारी टीम गठित किया गया है जिसके द्वारा मामले की सतत् विवेचना एवं आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी की कार्यवाही की जाएगी ।

उक्त गठित टीमों में शामिल पुलिस अधिकारी कर्मचारियों में निरीक्षक जयकुमार साहू थाना प्रभारी बिर्रा , निरीक्षक सावन सारथी रक्षित केन्द्र जांजगीर , उप निरी. कृष्णपाल सिंह थाना प्रभारी बम्हनीडीह, एएसआई मुकेश पाण्डेय थाना बिर्रा , सहायक उपनिरीक्षक अरूण सिंह थाना चांपा , प्रधान आरक्षक गौतम पाण्डेय थाना बिर्रा ,प्रधान आरक्षक शिवधन जलतारे थाना नवागढ़ , आरक्षक सनोहर जगत थाना बिर्रा शामिल है।

## पितर पक्ष दशमी तिथि पर याद किए गए श्री महन्त लाल दास जी महाराज

**जांजगीर चांपा /** पितर पक्ष आश्विन कृष्ण दशमी तिथि को शिवरीनारायण मठ के श्री महन्त लाल दास जी महाराज को परंपरागत रूप से याद किया गया। श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने सुबह 6:00 बजे महानदी के त्रिवेणी संगम तट पर स्थित बावा घाट में पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी पूर्वाचार्यों को तर्पण किया तत्पश्चात मठ पहुंचकर हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान दोपहर 12 बजे मठ मंदिर में स्थित भगवान श्री राम जानकी मंदिर,श्री जगन्नाथ जी की विशेष पूजा अर्चना की गई। उन्हें भोग अर्पित किया गया इसके बाद नगर तथा आसपास के क्षेत्र से आए हुए



ब्राह्मणों को ब्राह्मण भोज कराया गया। उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने भी भोग भंडारा में भगवान का प्रसाद प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**ब्राह्मणों एवं संत महात्माओं को दी गई विदाई** पितर श्राद्ध में ब्राह्मणों एवं संत महात्माओं को भोजन के पश्चात तिलक लगाकर दक्षिणा सहित सम्मान के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर मारुति धाम देवरघटा से संत श्री राम गोपाल दास जी महाराज अपने संत मंडली के साथ विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

### कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट जन

दशमी तिथि पर पितर श्राद्ध के इस कार्यक्रम में शिवरीनारायण मठ मंदिर न्यास ट्रस्ट के सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह, बृजेश केसरवानी, हेमंत दुबे, सुखराम दास जी, तथा त्यागी जी महाराज, निरंजन लाल अग्रवाल, कमलेश सिंह, योगेश शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, शरद पांडे, शत्रुघ्न शर्मा, अनिल शर्मा, प्रतीक शुक्ला,हिमांशु तिवारी, संजय शर्मा, खगेंद्र पांडे, जगदीश यादव, शशिकांत सिंह, पुरेंद्र सोनी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे, प्रवेश नारायण शुक्ला, राजीव त्रिपाठी, अंकित दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।

## जमीन विवाद को लेकर कुल्हाडी से प्राण घातक हमला आरोपी को औरेठी सिमगा रायपुर से किया गया गिरफ्तार

संवाददाता

**जांजगीर चांपा /** जमीन विवाद को लेकर कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला के फरार आरोपी को ओरेठी सिमगा से गिरफ्तार किया गया है । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी प्रतीक शुक्ला द्वारा दिनांक 16.07.25 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि शिवरीनारायण निवासी हर्षवर्धन तिवारी मेरा मित्र है जिसके द्वारा पूर्व में मुझे बताया गया था कि, राजेंद्र कुमार शर्मा से लगभग 13.55 एकड जमीन को लगभग एक करोड साठ लाख रूपये में खरीदा है जिसका इकरारनामा हो चुका है। उक्त इकरारनामा में 61 लाख रूपये राजेंद्र कुमार शर्मा चेक के रूप में प्राप्त कर लिया है और 99 लाख रूपये बचत है। उक्त्त इकरारनामा में जिस दिनांक को इकरारनामा हुआ था , उसी दिनांक से उक्त जमीन को पैसे प्राप्त करने के बाद सौपना लिखा हुआ है जो हर्षवर्धन तिवारी उक्त जमीन पर दिनांक 12.06.2025 के बाद से इकरारनामा के अनुसार काबिज होने का अधिकारी है । इसी अधिकार के साथ में उक्त्त जमीन को जोताई कराने के लिए हर्षवर्धन तिवारी तथा उनके मजदूरो के साथ गये थे। जमीन पर सम्पूर्ण दस्तावेज देखने के पश्चात राजेंद्र कुमार शर्मा के नाम से होना पाया गया था। दिनांक 15.07.2025 को सुबह लगभग 08.00 बजे हर्षवर्धन



तिवारी प्रार्थी को बोला कि चलो उक्त जमीन में ट्रैक्टर चलवा कर आते है तो प्रार्थी भी हर्षवर्धन तिवारी के साथ अन्य मजदूरों के लेकर खेत तरफ गये थे जहाँ आरोपी आकर ट्रैक्टर को रोकने लगा जिसके बाद हर्षवर्धन तिवारी के द्वारा डायल 112 को सूचना दिया गया एवं आरोपी से पूछा गया कि तुम्हारे नाम से जमीन है तो तुम कागज दिखा दो तो हम जमीन को छोड देंगे यदि कागज नहीं है तो अनावश्यक विवाद मत करो। डायल 112 आने के बाद एक आरोपी चला गया। उसके बाद हर्षवर्धन के द्वारा प्रार्थी को लगभग 12:00 बजे बोला कि चलो खेत देखकर आते है तब यहाँ गये मजदूर लोग काम कर रहे थे । उसके बाद हर्षवर्धन तिवारी प्रार्थी के साथ नवागढ़ चले गये शाम को नवागढ़ से फिर वापस आये और खेत तरफ गये उस समय 5:30 बजे रहा था , काम खत्म होने के बाद वापस लौट रहे थे कि तभी आरोपियों द्वारा प्लानिंग के साथ एक राय होकर घर से आये उस समय अचानक तलवार से हर्षवर्धन तिवारी यही है इसको जान से मार देंगे कहकर हमला करने लगा। जिस पर हर्षवर्धन तिवारी एवं अन्य सभी लोग भागने लगे कुछ दूर जाने के बाद फिसलकर गिर गया तो आरोपी द्वारा दौड़ाकर जान से मारने की नियत से अंधाधुंध वार करने लगा हर्षवर्धन तिवारी के गले पर वार कर रहे थे तो हर्षवर्धन तिवारी अपने दाहिने हाथ को उपर कर रोके तो उसके दाहिना हाथ के पास गंभीर चोट आया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया ।

पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार के कुशल मार्गदर्शन में आरोपी को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी शिवरीनारायण निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, सउनि नरेंद्र शुक्ला प्रआर विजय निराजा आरक्षक टुकेश्वर डनसेना, बलराम यादव थाना शिवरीनारायण का योगदान रहा।

## 10 सालो से फरार चल रहे ठगी के आरोपी को जांजगीर पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर चांपा /** ठगी के मामले में दस साल से फरार चल रहे आरोपी को जांजगीर पुलिस ने पकड़ा है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आरोपी दीपक ताण्डी, धनिश डेनियल दोनो मिलकर पीड़िता कांति विश्वास निवासी भाठापारा जांजगीर से नौकरी लगाने के नाम पर कुल 70 हजार रूपये नगद राशि ले लिए थे किन्तु नौकरी नहीं लगाया धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया



गया था। प्रकरण के आरोपी धनिश डेनियल घटना दिनांक से फरार था जिसका लगातार पता तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में मुखबिर सूचना मिलने पर सीएसपी श्रीमती कविता ठाकुर के नेतृत्व में आरोपी को उसके सकुनत से पकड़ा जिसको पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी जांजगीर, प्रधान आरक्षक राकेश राठौर, आरक्षक राजू लाठेवाल का सराहनीय योगदान रहा।

## नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता नगर मे करेंगे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आज

जांजगीर चांपा /

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर-चांपा द्वारा प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा सेवा पखवाड़ा* के रूप में मनाए जाने का आव्हान किया गया है।

इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर-चांपा द्वारा ÷स्वच्छता अभियान शिविर÷ कार्यक्रम का आयोजन 17 सितंबर दिन बुधवार को सुबह 7 बजे से पुराना जिला चिकित्सालय परिसर (सब्जी मार्केट के पास



)जांजगीर में किया जावेगा। उसके पश्चात सुबह 11 बजे जिला चिकित्सालय मे स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम मे रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कमलेश जांगड़े , पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल , भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे ।

जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने जिला के सभी कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम मे शामिल होने का आग्रह किया है । जिला महामंत्री नन्द चौधरी, नंदनी राजवाड़े एवं सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक गुलाब चंदेल , जिला सहसंयोजक संतोष लहरे , अमर सुल्तानिया,

आशुतोष गोस्वामी ने उक्ताशय की जानकारी दी है ।

## छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत श्रम वीर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया गया आयोजन

जांजगीर-चांपा

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में रजत जयंती महोत्सव सप्ताह के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा के.एस. के. जे.एस. डब्ल्यू महानदी पावर प्लांट अकलतरा में श्रम वीर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 288 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान श्रमिकों को उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आवश्यक परामर्श दिया गया तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस दौरान श्रमिकों को स्वास्थ्य जागरूकता तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर श्रम निरीक्षक एवं विभागीय कर्मचारी भी शिविर में उपस्थित रहे।




## जिले के 10 पीएम श्री विद्यालयों में मानदेय पर संगीत प्रशिक्षक एवं अंशकालीन योग प्रशिक्षण, खेल शिक्षक, प्रशिक्षकों हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा /** प्रबंध संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जांजगीर-चांपा जिले के 10 पीएम श्री विद्यालयों (पीएमश्री शा.प्राथ.शा. कापन, शा. कन्या प्राथ.शा. बलौदा, शा.जन.प्राथ.शा. नवगवां, शा.प्राथ.शा. बरपाली चांपा, शा.प्राथ.शा. लखुर्री, शा.प्राथ.शा. मिसदा, शा.प्राथ.शा. भाठापारा नवागढ़, शा.प्राथ.शा. बारगांव, पीएमश्री स्कूल सेजेस क्र.-1 एवं पीएमश्री स्कूल सेजेस बलौदा) में मानदेय पर संगीत प्रशिक्षक एवं अंशकालीन योग प्रशिक्षण, खेल शिक्षक, प्रशिक्षकों हेतु आवेदन 22 सितम्बर 2025 सायं 5 बजे तक आमंत्रित किया गया है। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि संबंधित प्रशिक्षकों को प्रति माह 10 हजार रुपये एकमुश्त पारिश्रमिक प्रदान किया जाएगा। योग, खेल शिक्षक, प्रशिक्षक हेतु न्यूनतम योग्यता स्नातक शारीरिक शिक्षा डिग्री अथवा योग शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक डिग्री निर्धारित की गई है, बी.पी.एड. डिग्रीधारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसी प्रकार संगीत प्रशिक्षक हेतु संगीत में स्नातक अथवा समकक्ष डिग्री होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 22 सितम्बर 2025 सायं 5 बजे तक (अवकाश दिवस को छोड़कर) जिला मिशन समन्वयक, कार्यालय जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा, जांजगीर-चांपा को रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से कर सकते हैं।

## खास खबर



फाईल फोटो

### विशेष शिविर में 538 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण

**बिलासपुर** श्रम विभाग द्वारा राज्य स्थापना रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर बिलासपुर के श्रमिक प्रतीक्षालय में स्वास्थ्य विभाग एवं श्रम विभाग के संयुक्त प्रयास से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें 538 श्रमवीरों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं सेवाएं प्रदान की गईं। इसमें मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू )से 220 और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 318 श्रमिकों की जांच की गई। शिविर में 5 आयुष्मान भारत कार्ड बनाए गए। दो लोगों का ई-श्रम कार्ड पंजीयन किया गया। नया पंजीयन 32 श्रमिकों का किया गया।

### रोजगार कार्यालय में 19 सितंबर को प्लेसमेंट कैंप

**निजी कंपनियों में 151 पदों पर होगी भर्ती**

**बिलासपुर** । छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग रायपुर द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में दिनांक 19 सितंबर 2025 को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी, बिलासपुर द्वारा प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन स्थल जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी, बिलासपुर में किया जा रहा है, जिसमें 04 निजी नियोजकों (कम्पनी) द्वारा जनरल मैनेजर, एच. आर. मैनेजर फील्ड ऑफिसर, एग्रीक्लचर एडवॉजर, मॉर्केटिंग मैनेजर एल.आई.सी बीमा सखी, एक आई सी बीमा अभिकर्ता, इत्यादी कुल 151 विभिन्न पदों के लिये भर्ती संबंधी कार्यवाही की जाएगी। ऐसे रोजगार के इच्छुक आवेदक जिन्होंने 12 वीं, स्नातक (कोई भी विषय में) आदि उत्तीर्ण है, इस कैंप में भाग ले सकते है। योग्य उम्मीदवार अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधारकार्ड एवं समस्त शैक्षणिक योग्यता सम्बंधी अंकसूची ,प्रमाण-पत्र की मूलप्रति व छायाप्रति के साथ उपस्थित होवे। अधिक जानकारी के लिये छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी बिलासपुर से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### सकरी शराब दुकान में अहाता संचालन के लिए आवेदन 16 से

**बिलासपुर** आबकारी विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 की शेष अवधि एवं वर्ष 2026-27 के लिए देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान सकरी से संलग्न मदिरा अहाता के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किये गये है। ऑनलाईन आवेदन 16 सितम्बर को सवेरे 10.30 से प्रारंभ होगी, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी सातों दिन अनवरत जारी रहेगी। ऑनलाईन आवेदन

https//e&cise.cg.nic.in/eAhata/indes.asp× पर कर सकते है। लाइसेंस का आबंटन छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं इसके अधीन बनाए गए छत्तीसगढ़ आबकारी देशी ।

# आगामी दुर्गोत्सव की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक, ट्रैफिक और सुरक्षा पर विशेष जोर

### कलेक्टर-एसपी ने की सद्भावना से पर्व मनाने की अपील

**बिलासपुर** आगामी दुर्गोत्सव के मद्देनज़र शांति समिति और दुर्गोत्सव समिति की बैठक कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी रजनेश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर एसपी ने नगरीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी से सद्भावना के साथ आम लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। बैठक में समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव भी रखे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए ट्रैफिक व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहेगी। निर्देश दिए गए कि मंच और पंडाल सड़क पर न बनाए जाएं, बल्कि एक तरफ व्यवस्थित तरीके से लगाए जाएं ताकि यातायात प्रभावित न हो। पंडालों की सजावट और अन्य गतिविधियों के दौरान भी सार्वजनिक स्थानों पर बाधा उत्पन्न न करने की अपील की गई। एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था बाधित करने, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों और तेज आवाज में डीजे बजाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और चालान काटा जाएगा। उन्होंने



अपील की कि मल्टीलेवल पार्किंग का इस्तेमाल करें ताकि यातायात सुचारू रूप से चले और आम लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने कहा कि 25 अगस्त 2025 को शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन अनिवार्य होगा। इसमें साफकहा गया है कि सार्वजनिक स्थल पर आयोजन की अनुमति केवल निर्धारित नियमों के तहत ही मिलेगी और समितियों को इनका सख्ती से पालन करना होगा।

बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों ने कई सुझाव भी दिए। प्रमुख रूप से टोकन सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव सामने आया, जिससे भीड़ प्रबंधन में आसानी हो सके। वहीं वरिष्ठ नागरिकों और शांति समिति के सदस्यों ने सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्योहारों का मूल स्वरूप श्रद्धा और सौहार्द पर आधारित है, इसलिए सभी को प्रशासनिक व्यवस्था का सहयोग करना चाहिए। दुर्गा पूजा पंडालों के साथ ही दशहरा पर्व के दौरान रावण दहन स्थलों पर व्यापक इंतज़ाम किए जाने पर भी चर्चा हुई। विसर्जन के समय सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण, साफ-सफाई और महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष योजना बनाने पर जोर दिया गया।

प्रशासन ने यह भी कहा कि किसी भी आयोजन समिति को नियम विरुद्ध पंडाल लगाने या सड़क पर अतिक्रमण करने की अनुमति नहीं होगी। शांति समिति और दुर्गोत्सव समितियों के बीच समन्वय बनाकर शांतिपूर्ण और भव्य आयोजन कराने का लक्ष्य रखा गया है। आगामी दिनों में नगर निगम, पुलिस प्रशासन और दुर्गोत्सव समितियों के बीच संयुक्त बैठक कर अंतिम रूप से तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी, डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत, एसडीएम मनीष साहू, एडीशनल एसपी सिटी राजेंद्र जायसवाल, आईपीएस गगन कुमार, यातायात विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, शांति समिति के सदस्य इरशाद अली, हबीब मेमन, सुधीर खण्डेलवाल, शेखर मुदलीयार सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## कोरबा में बांगो बांध के खोले गए गेट, मौसम विभाग ने फिर यलो अलर्ट जारी किया

**कोरबा:** मानसून सीजन के बाद भी इस वर्ष लगातार बारिश जारी है. कुछ दिन पहले भी मूसलाधार बारिश हुई जिससे नदी नालों में पानी का जलस्तर बढ़ गया है. वहीं, मौसम विभाग ने एक बार फिर यलो अलर्ट जारी किया है. कोरबा समेत आसपास के जिले में मंगलवार को रिमझिम बारिश का अनुमान लगाया है. इधर बांगो बांध का जलस्तर भी बढ़ गया है. जिसके बाद एक बार फिर बांध के गेट खोलने पड़े हैं. सोमवार को भी तेज बारिश हुई, जो देर शाम तक जारी रही. मंगलवार की सुबह से भी कई स्थानों पर बारिश हो रही है. कोरबा ही नहीं, बल्कि कोरिया जिले में भी बारिश हो रही है. कोरिया, गौरेला-पेंड्रा-मरवारी और कोरबा जिले बहकर आने वाला पानी बांगो बांध में तेजी से पहुंच रहा है. इससे बांगो बांध का जलस्तर एक बार फिर निर्धारित क्षमता से लगभग 90.21 फीसदी तक पहुंच गया है. जिसके कारण मंगलवार की सुबह बांगो बांध के गेट खोलकर लगभग 20 हजार क्यूसेक पानी प्रति सेकंड हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है.



बांगो बांध के खोले गए गेटः मिनीमाता बहुउद्देशीय परियोजना बांगो बांध में पानी के अत्यधिक प्रवाह को ध्यान में रखते हुए मंगलवार की सुबह 9 बजकर 10 मिनट पर गेट संख्या 4 को 0.25 मीटर, गेट संख्या 6 को 0.50 मीटर, गेट संख्या 8 को 0.25 मीटर खोला गया. इसके बाद भी बांध का जलस्तर 358.29 मीटर पर स्थिर है. इसलिए जलस्तर को नियंत्रण कर कम करने के लिए सुबह 9:40 बजे गेट संख्या 4 को 0.50 मीटर, गेट संख्या 6 को 1.00 मीटर और गेट संख्या 8 को 0.50 मीटर आवश्यकतानुसार ओपन किया गया. अभी गेट संख्या 4 - 0.50 मीटर, गेट संख्या 6 - 1.00 मीटर एवं गेट संख्या 8 - 0.50 मीटर खुला है. सभी गेटों से कुल 11 हजार 837 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है. पावर प्लांट हाइड्रेल के द्वारा 9,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है. इस प्रकार बांध से कुल 20 हजार 837 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा.



## बालिका शिक्षा के लिए वरदान साबित हो रही है नि :शुल्क सरस्वती सायकल योजना

**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि शासन की निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना बालिका शिक्षा के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना से छात्राओं को पढ़ाई में सुविधा मिल रही है और वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। श्रीवास्तव सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मनपहरी हाईस्कूल में आयोजित सायकल वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पात्र छात्राओं को शासन की योजना के तहत निःशुल्क सायकल वितरित की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, जनपद सदस्य अलीबाबा कश्यप, ग्राम सरपंच, शिक्षा समिति के सदस्य, पंचगण तथा बड़ी संख्या में पालक एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। विद्यालय के प्राचार्य सुरेश डाहिरे ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की प्रगति और मांगों की जानकारी दी।



## साप्ताहिक जनदर्शन में उमड़ी भीड़, कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**बिलासपुर**।कलेक्टर आईएएस संजय अग्रवाल ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे ग्रामीणों और शहरी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कलेक्टर ने एक-एक कर सभी आवेदकों से मुलाकात की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनदर्शन में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल और नगर निगम आयुक्त अमित कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान करीब 100 से अधिक लोगों ने व्यक्तिगत और सामुदायिक हित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्रस्तुत कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।



ग्राम पंचायत टाटीधार खोंगसरा मोहली आमागोहन और तुलुफके सरपंचों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि धान बिक्री की राशि प्राप्त करने के लिए उन्हें 60ङ्क70 किलोमीटर दूर करगीरोड-कोटा जाना पड़ता है। उन्होंने इसे लेकर सहकारी बैंक केंद्र की दूरी कम करने की मांग रखी। साथ ही बिजली और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की ओर भी ध्यान दिलाया गया। कलेक्टर ने इस पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

ग्राम खोंगसरा के जनपद सदस्य कांति मरावी ने गांव के हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालय में बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग की। उन्होंने बताया कि एक ही परिसर में तीनों शालाओं के संचालन से बाहरी लोगों और पशुओं की आवाजाही से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कलेक्टर ने इस पर जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

## जिले में किसी भी अतिशेष शिक्षक की नियम विरूद्ध पदस्थापना नहीं




### युक्तियुक्तकरण के बाद नई पदस्थापना में ज्वाइनिंग नही करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

**बिलासपुर** जिले में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के बाद केवल दो शिक्षकों की पदस्थापना में बदलाव किया गया है। इन दोनों शिक्षकों की पदस्थापना में परिवर्तन जिला एवं संभाग स्तरीय समितियों के अनुशंसा पर निर्धारित नियमों के अनुसार ही किया गया है। जिले में युक्तियुक्तकरण के बाद अतिशेष शिक्षकों की नई पदस्थापनाएं शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही की गई है। डीईओ ने युक्तियुक्तकरण के बाद आबंटित स्कूलों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश सभी शिक्षकों को दिए है। डीईओ ने कहा कि नई पदस्थापना में बिना कारण ज्वाइनिंग नही करने वाले शिक्षकों पर नियम अनुसार वेतन रोकने से लेकर निलंबन तक की कार्रवाई की जाएगी।

डीईओ ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के बाद जिले के दूरदराज के स्कूलों में भी बड़ी संख्या में शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दे दी है। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण में एक बार शाला आबंटन के बाद उसमें किसी तरह का बदलाव जिला स्तर पर नहीं किया जा रहा है। जिन शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण से कोई परेशानी है या नई पदस्थापना में उपस्थित होने में समर्थ नहीं है, ऐसे सभी शिक्षकों के अभ्यावेदन जिला स्तरीय समिति में निराकृत किए गए है। जिला समिति का निर्णय मान्य नहीं होने पर शिक्षकों के प्रकरण संभागीय समिति में सुलझाएं गए है। जिला एवं संभाग स्तरीय समितियों ने शिक्षकों के अभ्यावेदनों पर सूक्ष्म जांच कर अनुशंसा की है। अधिकांश आवेदनों को अमान्य किया गया है और शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण के बाद की पदस्थापना को यथावत रखा गया है।

# नव भारत का निर्माण थीम पर बृजमोहन जी राज्य में करेंगे दौरा

### सांसद बृजमोहन की अध्यक्षता में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य परिषद की बैठक सम्पन्न

बिलासपुर भारतीय स्काउट्स एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य परिषद की बैठक आज रायपुर सांसद एवं संस्था के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जंबूरी की तैयारी, सदस्यता विस्तार तथा समाजोपयोगी अभियानों पर विस्तृत चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि युवाओं के मानसिक, शारीरिक विकास के साथ देश सेवा में कार्य कर रहे स्काउटिंग को लोग और अच्छे से जाने इस हेतु नव भारत निर्माण थीम पर मै 33 जिलों में दौरा करूंगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि भारतीय स्काउट्स एंड गाइड्स एक गौरवशाली संस्था है, जिससे जुड़ना स्वयं में गर्व की अनुभूति है। यह संगठन केवल अनुशासन



और सेवा भाव ही नहीं सिखाता, बल्कि समाज निर्माण में भी अहम भूमिका निभाता है।

इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने बताया कि आगामी दिनों में राज्य पुरस्कार जांच शिविर संभाग स्तर पर आयोजित किया जाएगा,वही उन्होंने बताया कि नवंबर माह में लखनऊ में आयोजित जंबूरी मे राज्य से 3 सौ से अधिक स्काउट्स गाइड्स हिस्सा लेंगे, इसी तरह प्राकृतिक आपदा में स्काउट्स गाइड्स की भूमिका को लेकर प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। डॉ सोमनाथ यादव ने बताया कि बच्चों को साहसिक कार्यों में भी हिस्सेदारी हो इस हेतु लगातार एडवेंचर कैंप आयोजित किए जा रहे है। बैठक में लिए गए मुख्य निर्णय में आगामी 23 से 29 नवम्बर तक लखनऊ में होने वाली राष्ट्रीय जंबूरी में राज्य के 313 रोवर्स-रेंजर्स भाग लेंगे। इस हेतु प्री-जंबूरी की तैयारी के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। दिसंबर में रायपुर में होने वाली अंतरराष्ट्रीय जंबूरी की रूपरेखा पर चर्चा हुई तथा विभिन्न समितियों का गठन कर स्थान चयन व ठहरने की व्यवस्था पर विचार किया गया।इस जंबूरी में विश्व भर से 10,000 से ज्यादा रोवर्स-रेंजर्स शामिल होंगे, जिनमें छत्तीसगढ़ से 3,000 प्रतिभागी को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया। पिछली कार्यसमिति की पुष्टि करते हुए नवनिर्मित कार्यकारिणी का अनुमोदन किया गया।

÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत प्रत्येक जिले में 1000 पौधे स्काउट्स-गाइड्स के माध्यम से लगाने का संकल्प लिया गया। पौधारोपण स्कूल, कॉलेज, सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर होगा। साथ ही आपदा सेवा में बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के समय त्वरित राहत कार्यों में सक्रिय योगदान देने पर बल दिया गया।

**सदस्यता विस्तार** छोटे जिलों से 10 एवं बड़े जिलों से 20 व्यापारी, उद्योगपति और प्रतिष्ठित नागरिकों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया। साथ ही कॉलेजों, निजी विश्वविद्यालयों में रोवर्स-रेंजर्स की इकाइयां शुरू करने का निर्णय लिया गया। संस्था की गतिविधियों को समाज तक पहुंचने के लिए मीडिया सेल और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स की टीम तैयार करने का निर्णय लिया गया।

**सांसद खेल महोत्सव में योगदान** – रायपुर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में वालंटियर्स की जिम्मेदारी स्काउट्स एंड गाइड्स को सौंपी गई। श्री अग्रवाल ने कहा कि आने वाले समय में संस्था की गतिविधियों को समाज में व्यापक पहचान दिलाने के लिए सभी जिलों में बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें बुद्धिजीवियों, व्यापारी वर्ग एवं समाजसेवियों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में भारतीय स्काउट्स एंड गाइड्स का योगदान महत्वपूर्ण है और इसे और सशक्त बनाना हम सबका लक्ष्य है। इस अवसर पर स्काउट्स एंड गाइड्स के पूर्व पदाधिकारी एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ मत्स्य कल्याण बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष श्रीभरत लाल मटियारा, छ ग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर को सम्मानित भी किया गया।

बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, श्रीमती सुनीता बोहरा, श्रीमती उर्वशी भीमा मंडावी, राजेंद्र गोलछा, कोषाध्यक्ष मुरली शर्मा सहित पदाधिकारी एवं राज्य परिषद सदस्य, जिला मुख्य आयुक्त गण, जिला सचिव शामिल हुए। बैठक का संचालन राज्य राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र मिश्रा ने तथा आभार व्यक्त प्रभारी राज्य सचिव श्रीमती सरिता पांडेय ने की। इस अवसर पर राज्य संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती शिवानी गणवीर, राज्य संगठन आयुक्त स्काउट विजय यादव सहित राज्य मुख्यालय के अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।





स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)